

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 135   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 21 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -4 पर — जनचौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने अध्ययन में सहयोग हेतु ...

पेज -8 पर — हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विधायक लालजीत ...




**श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़**

**चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, सोनू ठाकुर 9300321666, विजय यादव 9300848100 माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, नरेश पटेल शाहपुर 626535044, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### भाजपा महिला पार्षद, पति सहित गिरफ्तार, मचा हड़कंप



**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के जूटमिल क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 34 से भाजपा की महिला पार्षद व उसके पति सहित एक अन्य महिला को पुलिस ने मारपीट व एसटीएससी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ दिसंबर 2022 में मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी।

BJP महिला पार्षद पति समेत गिरफ्तार- दरअसल दिसंबर 2022 में महिला पार्षद पुष्पा साहू के बेटे को जूटमिल पुलिस ने सट्टा खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया था। बेटे की गिरफ्तारी से नाराज महिला पार्षद पुष्पा साहू व उसके पति ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए मोहल्ले के ही एक युवक अरुण भूषण के साथ मारपीट की थी।

# पीएम आवास पर सदन में बवाल

## चौबे ने कहा- इन्हें बताते मैं खुद कन्फ्यूज हो गया, विपक्ष बोला- गुमराह कर रहे मंत्री

रायपुर। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना पर बवाल हुआ। विपक्ष के सदस्यों ने आवास की संख्या पर सवाल किया। साल 2020 से अब तक के मकान बनाने का लक्ष्य और स्वीकृत घर बनाने की बात पर खूब हंगामा हुआ।



विपक्ष को केंद्र से मकान बनाने का लक्ष्य बताते हुए हंगामे के बीच मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा मैं खुद इन्हें बताते हुए कंफ्यूज हो रहा हूं, भाजपा के लोग कभी 16 लाख मकान कहते हैं कभी 38 लाख कहते हैं। इस बात का शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल, पुन्नू लाल मोहले ने विरोध किया। इसके बाद ये कहते हुए वॉकआउट कर दिया कि सरकार गरीबों का मकान छीन रही है, मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं।

विपक्ष की ओर से शिवरतन शर्मा ने सवाल किया कि पीएम आवास के लिए राज्य सरकार ने कितना राज्यांश दिया। इस पर रविंद्र चौबे ने कहा- कोरोना काल की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हम राज्यांश नहीं दे पाए, लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि गरीबों के साथ केंद्र सरकार ने अन्याय किया ।

***शिवरतन शर्मा ने कहा-*** *आप इस पर राजनीति कर रहे हैं केंद्र सरकार ने आपको योजना दी। जवाबदारी आपकी है और आपने पैसा नहीं दिया। विपक्ष से पुन्नू लाल मोहले ने सवाल किया कि टोटल कितने लोगों का आवास वापस हुआ, उतने लोगों को आवास देंगे क्या। चौबे बोले- हमनें आवास बनाने का प्रावधान किया है। पहले आवास की योजना में 90 % केंद्र देता था 10 % राज्य देता था । 60-40 का दिया है। गरीबों के हक पर कुठाराघात है। नारायण चंदेल बोले- ये तो पूरे देश की पॉलिसी है। पीएम आवास के एलॉटेड मकान के बारें चर्चा करते हुए रविंद्र चौबे बोले कि-धरमलाल कौशिक ने 13 लाख कहा शिवरतन शर्मा ने 16 लाख कहा। इस पर रविंद्र चौबे ने कहा- मैं खुद इस आंकड़ों में कंफ्यूज हूं अध्यक्ष महोदय, अब 38 लाख तक संख्या कैसे पहुंचा दूं, कहां से निकला दूं इस बारे में सोच रहा हूं। पुन्नूलाल मोहले बोले- जो जवाब दिया है उसी पर मैं बात कर रहा हूं आप अपना जवाब देख लीजिए। जवाब से असंतुष्ट बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। चरणदास महंत ने शिवरतन से कहा- आप विद्वान हैं, नारायण चंदेल ने कहा- हम मंत्री के जवाब से असंतुष्ट हैं, हम सदन से वॉकआऊट करते हैं । यह कहते हुए भाजपा के विधायक सदन से बाहर चले गए।*

*बोधघाट परियोजना को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने सवाल किया। ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को काम देने का आरोप लगाया, जवाब में रविंद्र चौबे ने कहा आपकी सरकार के समय ही इस कंपनी को 5 करोड़ के काम दिए गए। बृजमोहन ने कहा पूरा विभाग एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए 41 करोड़ का भुगतान करने का काम किया। ये पूरे प्रदेश को गुमराह करने की कोशिश है।*

***इस पर रविंद्र चौबे ने कहा-*** *इससे बस्तर के कुछ जिलों में सिंचाई हो सकती है। बृजमोहन बोले- 4 साल से क्या कर रहे थे। शिव डहरिया ने कहा कि काम देने की शुरुआत आपने की और हम दें तो गलत।*

नक्सलियों की बौखलाहट

## कई ट्रैक्टर्स और जेसीबी को किया आग के हवाले



**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के आलपरस में सड़क निर्माण में लगे वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है. नक्सलियों ने बीती रात वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। मामले की तस्दीक की जा रही है. घटना में मजदूरों को कोई नुकसान नहीं हुआ है. प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य में लगे आलपरस और गुंदुल के मध्य नक्सलियों ने गाड़ियों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है. कांकेर के आलपरस और गुदुल में हुए आगजनी में कांकेर एसपी शलभ सिन्हा ने कहा कि, चिलपरस कैम्प से 7 किमी अंदर आलपरस गुंदुल जाने वाला मार्ग में PMGSY की सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था. एक से दो दिन पहले ही काम शुरू किया गया है।

आगे उन्होंने बताया कि, इस काम की जानकारी ना पुलिस विभाग को दिया गया था ना ही क्क्लस्ङ्ख के अधिकारी को दिया गया था. हम हमेशा कॉर्डिनेशन में काम करना चाहते हैं. जब भी अंदुरुनी क्षेत्र में काम होता है तो सुरक्षा की क्या स्थिति है उसका जायजा लिया जाता है. कल रात में अजगनी की घटना हुई है. ट्रैक्टर्स और जेसीबी को नक्सलियों ने आग लगाया है.

## प्रदेश में थानेदार और एसपी निपटा रहे हैं भू-प्रकरण, किसने दिया पुलिस वालों को यह अधिकार-बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। विधानसभा में सोमवार को राजस्व विभाग पर अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री जयसिंह अग्रवाल को घेरा. उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भू-प्रकरण थानेदार और एसपी निपटा रहे हैं।



भू-माफियाओं के साथ एसपी और थानेदार मिले हुए हैं, जिससे उनकी जेब गर्म हो रही है. इन लोगों के लिए सबसे बड़े कमाई का साधन जमीनों की अफरा-तफरी शुरू हो चुकी है. विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में माफिया राज आ चुका है. राजस्व विभाग पूरे प्रदेश का भविष्य होता है, लेकिन मंत्री की पकड़ विभाग में नहीं है. इस प्रदेश में भू-माफिया किसानों का हक छीन रहे हैं. भू-माफिया आदिवासी बेटियों को अपने जाल में फंसा रहे हैं, फिर उनसे शादी कर उनकी जमीनों को हथिया लिया जा रहा है. उसके परिवार को भगा कर उनकी जमीनों को हड़प लिया जाता है। भाजपा विधायक ने कहा कि आदिवासियों की जमीन को पैसे वाले प्रभावशाली लोगों के दबदबे से सरकारी जमीनों को दिया जा रहा है. पूरे प्रदेश के वनवासियों को भगाकर जमीन बेची जा रही है. जंगल की जमीनों को पहाड़ी जमीन बताकर प्रभावशाली लोगों को दिया जा रहा है. किसानों के खून पसीनो का पैसा भ्रष्टाचार में जा रहा है.

### राज्यपाल को भारत स्काउट्स एवं गाईड ने स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाईड, संगठन द्वारा मुख्य संरक्षक का परंपरागत स्कार्फ एवं बैज से सम्मानित किया गया। साथ ही भारत स्काउट्स एवं गाईड की छत्तीसगढ़ में संचालित गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्काउट प्रॉमिस के वाचन द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाईड संगठन के सभी सदस्यों को निरंतर देश हित में लोगों की मदद करने और स्काउट नियमों के पालन करने की याद दिलाई। राज्यपाल ने भारत स्काउट्स एवं गाईड की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा हो यो कोई अन्य आपदा, इसके सदस्य राष्ट हित एवं समाज हित में हमेशा सेवा देने के लिए तत्पर रहते हैं।

## सामूहिक हड़ताल पर रहे हजारों अनियमित कर्मचारी... सीएम हाउस घेराव की चेतावनी

**रायपुर।** प्रदेश के हजारों अनियमित कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ते जा रहा है। कांग्रेस ने प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों को सरकार बनने के 10 दिनों के भीतर नि?यमित करने का दिलाशा दिया था, लेकिन भूपेश सरकार के अंतिम बजट में भी इन अनियमित कर्मचारियों को निराशा ही हाथ आई है, जिसके बाद से प्रदेश के अनियमित और संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।



नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदेश के हजारों अनियमित कर्मी सोमवार को सामूहिक हड़ताल पर थे। कर्मचारियों ने आज के हड़ताल के लिए जानकारी नहीं तो काम नहीं का नारा बुलंद किया है। आज सभी जिलों के कर्मचारी हड़ताल में रहकर अपने अपने जिलो के जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा है।

### टालने की नीति पर सरकार

*हड़ताली कर्मियों का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार द्वारा जन घोषणा पत्र में उल्लेखित संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में चार साल पश्चात भी किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही आज तक नहीं हुई। विभिन्न मीडिया चैनलों को दिए इंटरव्यू में सरकार ने यह कहा कि, विभिन्न विभागों से कर्मचारियों की जानकारी अभी नहीं आई है आएगी तो नियमितीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ऐसे बयान यह साबित करते हैं कि प्रदेश की सरकार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर अपना वादा पूरा करने में हीला-हवाला कर रही है। तथा उसने ढुल-मुल रवैया अपनाया हुआ है। किसी सरकार के लिए कर्मचारियों की जानकारी एकत्रित करना अत्यंत सरल है परंतु जैसा रवैया अभी तक सरकार का दिखाई पड़ रहा है उससे उसकी नीयत पर संदेह उत्पन्न होता है । इस स्थिति का विरोध करने हेतु है प्रदेश भर के 45 हज़ार संविदा कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 20 मार्च को जानकारी नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ एक दिन का प्रदेश स्तरीय काम बंद करने का ऐलान किया था।.*

विरोध... पूर्व वन मंत्री गागड़ा ने कहा- 10 दिनों में भुगतान नहीं होने पर फिर करेंगे चक्का जाम, साथ ही घेराव भी

## तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं परिवहन कर्ताओं को भुगतान नहीं, बीजापुर में भाजपा का चक्का जाम

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा के नेतृत्व में एन एच 63 पर चक्का जाम करके तेंदूपत्ता संग्राहकों व परिवहनकर्ताओं को उनके लंबित भुगतान की मांग की।



इन संग्राहकों व परिवहनकर्ताओं का भुगतान पिछले एक साल से नहीं किया गया है। इस मौके पर श्री गागड़ा ने कहा कि वन अधिकारी व ठेकेदार द्वारा लगातार संग्रहकों व परिवहनकर्ताओं को गुमराह किया जा रहा था। आज चक्काजाम के दौरान वन अधिकारी ने 10 दिनों में भुगतान करने का आश्वासन दिया है। यदि 10 दिनों में भुगतान नहीं हुआ तो भाजपा फिर चक्का जाम करेगी, साथ ही डीएफओ के कार्यालय का घेराव करेगी। श्री गागड़ा ने कहा कि यह सरकार तेंदूपत्ता की दर बढ़ाने का भ्रम फैलाती है जबकि भाजपा शासन में संचालित अन्य सारी योजनाएं बंद हैं। भाजपा शासनकाल में तेंदूपत्ता 7 दिन खरीदा जाता था जबकि इस शासनकाल में एक या दो दिन खरीदी होती है। चरण पादुका व अन्य योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार विभिन्न प्रकार से आदिवासीयो को ठगने का कार्य कर रही है जनता शीघ्र उन्हें इसका जवाब देगी।



## आज पेश होगा रायपुर निगम का बजट, मिल सकती है कई सौगात

रायपुर। रायपुर नगर निगम का बजट कल यानी 21 मार्च को पेश होगा। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के बाद महापौर एजाज ढेबर अभिभाषण करेंगे। जिसके बाद महापौर बजट पेश करेंगे।




21 मार्च को होने वाली बजट को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने बैठक ली थी। बैठक में सभापति, एमआईसी सदस्य मौजूद थे। कल सुबह 11 बजे नगर निगम में बजट पेश होगा। इस बजट में प्रश्नकाल को लेकर चर्चा और विचार-विमर्श हुआ है। बैठक को लेकर तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। सामान्य सभा की बैठक के पूर्व नगर निगम सत्ता पक्ष पार्षद दल के जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षदगणों के साथ एजेंडावार तैयारियों के सन्दर्भ में चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम अपर आयुक्त अरविन्द शर्मा, निगम सचिव विनोद पाण्डेय मौजूद रहे है।

# बीजेपी बनाम कांग्रेस या फिर तीसरा मोर्चा, कौन पड़ेगा भारी ?

कर्नाटक दक्षिण भारत का एक बेहद खूबसूरत सूबा जो अपनी प्राकर्तिक सुंदरता, ऐतिहासिक परंपराओं और एक भव्य सांस्कृतिक विरासत के लिए दुनियाभर में मशहूर है। देश की सिलीकान वैली का खिताब भी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु को ही मिलता है। इस राज्य के बारे में जितनी पढ़ो उतना कम लगता है। बात क्योंकि चुनावों की है तो यहां की गुणा-गणित समझ लेना जरूरी है। बीजेपी सत्ता में है उसे अपनी डबल इंजन की सरकार बचानी है, कांग्रेस को लगता है कि जब वो हिमाचल से बीजेपी को बाहर कर सकती है तो कर्नाटक में क्यों नहीं? लेकिन यहां मामला सीधे मुकाबले का नहीं है,

तीसरी ताकत भी है जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस), पूर्व पीएम और राज्य के पूर्व सीएम देवेगौड़ा की पार्टी। 5 साल पहले 27 मार्च को चुनाव तारीखों का एलान हुआ था और 12 मई को मतदान व 15 मई को काउंटिंग। इस बार भी 24 मई को विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है, तो उसके पहले चुनावों का काम चुनाव आयोग पूरा कर लेगा। कर्नाटक चुनाव को समझने के लिए जाति के खेल को समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि आज भी सियासी पार्टियां जाति के नाम ही खेला करती आई हैं। टिकटों का बंटवारा भी इसी आधार पर ही राज्य में तय करती हैं। सत्तारूढ़ बीजेपी को लिंगायतों की पार्टी माना जाता है, पार्टी के सबसे बड़े नेता बीएस येदियुरप्पा और सीएम बसवराज बोम्मई इसी जाति से संबंध रखते हैं। राज्य की दूसरी बड़ी जाति है वोक्कालिंगा, इस जाति का दबदबा जेडीएस में दिखता है, देवेगौडा का परिवार इस जाति से है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डी.के शिवकुमार भी वोक्कालिंगा ही हैं लेकिन कांग्रेस के एक और बड़े चेहरे और पूर्व सीएम सिद्धारमैया जाति से कुरबा हैं। 2011 के बाद देश में जातियों की गणना नहीं हुई है, तो सरकारी आंकड़े तभी के उपलब्ध हैं जिसके मुताबिक राज्य में लिंगायत- 17 फ़ीसदी, वोक्कालिंगा- 11त्न, दलित- 19त्न, मुस्लिम- 16त्न, ओवीसी-16त्न और अन्य जातियां 21त्न हैं। लेकिन 2014 में जब सिद्धारमैया सीएम थे तो उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी, जिसके आंकड़े लीक हो गए थे, हालांकि ये औपचारिक तो नहीं है, लेकिन सियासी पार्टियां अब टिकट बंटवारे और अन्य कामों के लियए इसे ही सही मान रही हैं और ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं।



कर्नाटक चुनाव को समझने के लिए जाति के खेल को समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि आज भी सियासी पार्टियां जाति के नाम ही खेला करती आई हैं और टिकटों का बंटवारा इसी आधार पर ही राज्य में तय करती हैं।

लिंगायत-वोक्कालिंगा समाज का घटा अनुपात

कर्नाटक की दो सबसे बड़ी जातियां अब सबसे बड़ी नहीं रही हैं। इस लीक रिपोर्ट के मुताबिक लिंगायत समाज 17 से घटकर करीब 10त्न, वोक्कालिंगा 11 से कम होकर 8त्न रह गए हैं, और राज्य में दलित सबसे बड़ी ताकत बन कर उभरे हैं। इनकी संख्या 19 से बढ़कर 24 फीसदी हो गई है। मुस्लिम- 12.5त्न, एसटी- 7त्न, ओबीसी- 7त्न हैं, इसलिए इस बार फिर कांग्रेस ,।ड्ढह्ल कार्ड खेलने की तैयारी कर रही हे। ,।ड्ढह्ल दरअसल कन्नड़ में शार्टफार्म है- दलित, अल्पसंख्यक और ओबीसी काज यानी मोटा-मोटा समझें तो नॉन लिंगायत, नॉन वोक्कालिंगा, नॉन ब्राह्मण वोटबैंक को आप ,।ड्ढह्ल कह सकते हैं, जो करीब-करीब 74त्न से ज़्यादा हैं। ये इसी फार्मूले की करामात थी कि 2018 चुनाव में कांगेस को बीजेपी से सीटें भले ही कम मिलीं लेकिन वोट परसेंटेज के मुकाबले में वो बीजेपी से आगे रही। बीजेपी को 104 सीटें और 36.35त्न वोट मिले, जबकि कांग्रेस को वोट तो मिले 38.14त्न लेकिन सीटें मिली 78 ही। वहीं जेडीएस को 18.3त्न के साथ 37 सीटों के साथ तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा। लेकिन एक साल बाद ही 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी की आंधी ने विरोधियों के पैरों के नीचे की जमीन हिला दी। राज्य की 28 में से 25 लोकसभा सीटें बीजेपी जीती और वो 224 में से 170 विधानसभाओं में लीड कर रही थी, वहीं कांग्रेस और जेडीएस को मात्र एक-एक लोकसभा सीट से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस 36 विधानसभाओं और जेडीएस 10 विधानसभाओं में ही लीड ले पाई।

कर्नाटक को बीजेपी के लिए दक्षिण का द्वार कहते हैं, साउथ इंडिया का पहला राज्य है कर्नाटक जहां बीजेपी सरकार बना पाई थी। 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के बाद से बीजेपी का ग्राफ करीब-करीब बढ़ता ही रहा है। 1989 में 4 सीटों वाली बीजेपी को 1994 में 40, 1999 में 44, 2004 में 79 (उन्नासी), 2008 में 110 सीटें मिलीं और पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी स्टार बीएस येदियुरप्पा सीएम बने। पांच साल में तीन सीएम बदल चुकी बीजेपी को 2013 के विधानसभा चुनावों में एंटी-इंकबेंसी का सामना करना पड़ा और बीजेपी की 40 सीटें ही आई थीं, जो 2018 में मोदी के पीएम बनने के बाद जबरदस्त बढ़ी और ये आंकड़ा 104 तक पहुँचा था। बीते 5 सालों में पहले येदियुरप्पा, फिर कुमारस्वामी, फिर येदियुरप्पा और अब बोम्मई सीएम बन चुके हैं, यानी राज्य में त्रिकोणीय मुक़ाबला होने कारण सत्ता का हस्तांतरण कभी आसान नहीं रहा।80 के दशक तक पार्टी की तूती बोलती थी। लेकिन समाजवादी आंदोलन का हिस्सा रहे रामकृष्ण हेगड़े के जनता दल के उदय और फिर देवेगौड़ा के जेडीएस के बनने से कांग्रेस का नुकसान शुरू हो गया और फिर 90 के दशक में बीजेपी के प्रादुर्भाव ने कांग्रेस को और हाशिये पर डाल दिया, लेकिन कांग्रेस ने बुरे से बुरे वक्त में भी 26 फीसदी से कम वोट कभी नहीं पाए।

सुमित अवस्थी

## संपादकीय

### सामान्य समझ से बाहर

भारत की वर्तमान सरकार की विदेश नीति क्या है अथवा इसकी कूटनीति का मकसद क्या है, इसे सामान्य बुद्धि से समझ पाना असंभव-सा लगता है। अगस्त 2021 में जब तालिबान का काबुल कब्जा हुआ था, तो खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर चिंता जताई थी। लेकिन उसी तालिबान को भारत ट्रेनिंग देने को तैयार हो गया, तो इसे एक पहली ही कहा जा सकता है।


मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि विदेश मंत्रालय के विभाग ५इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन५ के एक ट्रेनिंग कोर्स में तालिबान के सदस्य हिस्सा लेंगे। यह कोर्स चार दिनों का है और मंत्रालय इसे आईआईएम कोझिकोड के जरिए आयोजित करवा रहा है। यह ऑनलाइन कोर्स है, इसलिए इसमें भाग लेने वालों को भारत आने की जरूरत नहीं है। विशेष रूप से विदेशी प्रतिभागियों के लिए डिजाइन किए गए इस कोर्स का शीर्षक है- ५इमर्सिंग विथ इंडियन थॉट्स५। भारतीय चिंतन परंपरा की विदेशियों को जानकारी दी जाए, यह एक अच्छा मकसद है। लेकिन तालिबान से यह अपेक्षा रखना कि वे परंपरागत भारतीय संस्कृति के मुरीद हो जाएंगे, कुछ ज्यादा आशा करना होगा।

अगर यह फैसला भारतीय हितों को आगे बढ़ाने के मकसद से किया गया है, तो यही कहा जाएगा कि वर्तमान सरकार भारत के हितों को अति संकरे रूप से परिभाषित कर रही है। दरअसल, इस खबर पर उन अफगान छात्रों ने भी अफसोस जताया है जो भारतीय संस्थानों में अलग-अलग कोर्स कर रहे थे, लेकिन तालिबान के सत्ता में लौट आने के बाद हुई उथल-पुथल के कारण उनकी पढ़ाई रुक गई।

# सवाल भारत निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता और विश्वसनीयता का

*सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने आखिरकार निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की सरकारी व्यवस्था को बदलने का ऐतिहासिक फैसला ले ही लिया। मौजूदा व्यवस्था की खामियों के कारण निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर तो सवाल उठते ही रहे साथ ही इसकी विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में रही। आयोग में टीएन सेषन जैसे विरले ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त आए जिन्होंने अपनी निष्पक्षता से आयोग की गरिमा और विश्वसनीयता पर आंच नहीं आने दी।*

आज हालत यह है कि अगर आयोग सचमुच निष्पक्षता से फैसले लेता भी है तो भी उस पर उंगली उठ ही जाती है, क्योंकि सरकारी नियंत्रण और सत्ताधारी दलों की कारगुजारियों पर से नजर फेर देने की मजबूरी के कारण उसकी विश्वसनीयता का ह्रास होता गया है। आयोग आज केवल एक सरकारी विभाग की तरह ही काम करता है, जिसके मालिक सरकार और परोक्ष रूप से सत्ताधारी दल ही होता है।



### कई समस्याओं की जड़ है राजनीतिक भ्रष्टाचार

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हम अपने लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की दुहाई देते नहीं थकते, लेकिन हमारे लोकतंत्र पर घुन की तरह लगे राजनीतिक भ्रष्टाचार की ओर आंखें फेर देते हैं। जब तक राजनीतिक भ्रष्ट आचरण पर रोक नहीं लगती तब तक भारत में फैले भ्रष्टाचार से मुक्ति नहीं मिल सकती। इसी तरह जब तक चुनाव व्यवस्था में सुधार नहीं होता और जब तक निर्वाचन आयोग में सुधार नहीं आता तब तक राजनीतिक भ्रष्टाचार से मुक्ति नहीं मिल सकती।

देखा जाए तो भ्रष्टाचार की गंगोत्री चुनाव से ही बहनी शुरू होती है। मसलन निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में बड़े राज्यों के प्रत्याशियों के लिये खर्च की सीमा 95 लाख और छोटे राज्यों के लिये 75 लाख तय कर रखी है। कौन नहीं जानता कि बिना धन बल के चुनाव जीतना नामुमकिन है। लोकसभा चुनाव में एमपी बनने के लिये करोड़ों रुपये खर्च करने होते हैं। पानी की तरह शराब बहानी होती है। अब तो वोटरों को भी सीधे वोट के बदले नोट देने की शिकायतें आम हो गई हैं।

चुनाव में 95 लाख या 75 लाख के अलावा करोड़ों की धन राशि कहां से आती है और कहां चली जाती है। यह खुला रहस्य किसी से भी इसलिए नहीं छिपा रह सकता क्योंकि इस हमाम में डुबकी लगाए बिना चुनाव जीतना संभव नहीं है और देश में भ्रष्टाचार और अनाचार की यही असली जड़ है। निर्वाचन आयोग विपक्ष के उम्मीदवारों पर नजर तो रखता है मगर सत्ताधारियों पर उसकी नजर नहीं पड़ती। जो लोग अनुचित तरीकों से सत्ता में आएंगे उनसे सदाचार की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? निर्वाचन आयोग की नकेल अपने हाथ में रखने की प्रवृति ही गलत नीयत की निशानी है। अगर सरकारें सचमुच स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहती हैं तो फिर स्वतंत्र निर्वाचन आयोग से डर क्यों? जब सीबीआई के निदेशक की नियुक्ति एक कमेटी के द्वारा कराई जा सकती है तो फिर निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति एक निष्पक्ष और स्वतंत्र व्यवस्था के तहत क्यों नहीं? सीबीआई एक सरकारी विभाग है, कोई संवैधानिक संस्था नहीं। उसके निदेशक के चयन के लिए नई व्यवस्था इसलिए की गई ताकि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर दूध का दूध और पानी का पानी कर सके। जब सीबीआई की निष्पक्षता के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में प्रतिपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीष या उनके द्वारा नामित एक जज की कमेटी की आवश्यकता महसूस की गई तो निर्वाचन आयोग के सदस्यों के लिए ऐसी ही कमेटी क्यों नहीं। सीबीआई ही नहीं मुख्य सतर्कता आयोग और मुख्य सतर्कता आयुक्त के चयन के लिए भी कमेटी की व्यवस्था है। यही नहीं केन्द्र और राज्यों के सूचना आयोगों के सदस्यों के लिए भी एक सक्षम और स्वतंत्र कमेटी के गठन की व्यवस्था है। इसी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के लिये राज्यों के लोकायुक्तों और केन्द्र के लोकपाल के गठन के लिए भी एक स्वतंत्र कमेटी के गठन की व्यवस्था है।

जयसिंह रावत

## मिला जुला

# अभिव्यक्ति एप्प एवं महिला सुरक्षा की दी जानकारी-कलेक्टर

## राज्य में जिला अभिव्यक्ति एप्प में प्रथम स्थान में -आहिरे

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





सक्ती जिला के समुदायिक भवन में पुलिस प्रशासन के द्वारा अभिव्यक्ति एप्प की जानकारी दी गई जिसमें कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, एवं पुलिस अधीक्षक आहिरे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गीता देबागन, नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, मंच उपस्थित थी। पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने कलेक्टर नूपुर पन्ना राशि को गुलदस्ता भेंट कर स्वागतम किया, एवं गायत्री सिंह ने नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा गांव में शराब बन रही है। ऐसी शिकायत लेकर महिलाओं आती है। जहां पर आवश्यक है वहां महिला कमांडो बनाएं एवं उन्हें समय समय पर ट्रेनिंग दी जाएगी। बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है। महिलाएं पुरुषों के ऊपर गलत इल्जाम लगा देती हैं यह गलत है। ऐसे नहीं करना चाहिए महिला के अधिकारी वैसे भी पुरुषो से कहीं अधिक है। इसलिए गलत इल्जाम किसी पर मत लगाइए।

### पोरथा गांव से कुछ महिलाएं आई थी गांव में अवैध शराब बैची जा रही इसकी शिकायत लेकर आई थी

पुलिस अधीक्षक आहिरे ने कहा एक साथ इतनी महिलाओं कदेख कर बहुत अच्छा लग रहा है अभिव्यक्ति एप्प का मतलब अपने अन्दर की भावनाओं प्रगट करना पुलिस थाना जाने से महिला डरती है।अव ऐसा नहीं है समय बदल गया है। पुलिस थाने में पुलिस महिलाओं भी रहती है। एक सप्ताह के अन्दर आपकी शिकायत का हल अभिव्यक्ति एप्प के माध्यम से होगा पुलिस तत्काल कार्रवाई करेंगी। सक्ती जिला में परिवार परामर्श केन्द्र का भी प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें गायत्री सिंह, बिन्द, गीता देवांगन इसमें सदस्य हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह ने कहा अभिव्यक्ति एप्प के माध्यम से आप तत्काल फोन लगा कर पुलिस थाने में अपराध की जानकारी दे सकते हैं थाने आये विना आप अपनी कम्पलेन करा सकते है। सक्ती जिला बनने के बाद 18 हजार महिलाओं ने अभिव्यक्ति एप्प को डाउनलोड किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में सक्ती जिला अभिव्यक्ति एप्प में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, गीता देवी देवांगन,हजरा बेगम, पुष्पा यादव,थाना प्रभारी प्रवीण सिंह राजपूत, आदि महिलाओं उपस्थित थी।

# कसडोल विधानसभा के आगामी चुनाव में प्रत्याशी उतार सकता सतनामी समाज

## कांग्रेस सरकार से नाखुश जनता-हरीश गेंड्रे

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

छत्तीसगढ़ में 2023 में होने वाली विधानसभा चुनाव के चुनाव विद्यालय में सभी पाटिया समाज के प्रमुख नेता गण अपने अपने स्तर पर दौरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कसडोल विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बहुत रोचक और कांटे की टक्कर वाली होती हैं। जिला बलौदा बाजार क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा कसडोल गुरु बाबा का जन्म स्थली एवं लव कुश का जन्म स्थली के नाम से विश्व विख्यात है विधानसभा कसडोल में बहुतायत संख्या में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं ज्ञात होगा कि कांग्रेस की सरकार जब नई नई आई थी तो अनुसूचित जाति के आस्था को ठेस पहुंचाने की कांग्रेस की नीति का शुरुआत कसडोल विधानसभा के पलारी थाना क्षेत्र से हुआ था। भले ही इस मामले में बाद में समझौता कर दिया गया। लेकिन जो समाज के आस्था को क्षति पहुंची हैं ना केवल कसडोल विधानसभा बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के अलग.अलग विधानसभाओं से



समाज के आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाली खबरें लगातार मीडिया पत्राचार के माध्यम से सुर्खियां बटोरी जिस से नाखुश होकर सतनामी समाज ना केवल कसडोल विधानसभा में बल्कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विधानसभा में या जहां संभव हो सके उस विधानसभा में अपना प्रत्याशी उतारने के लिए रूपरेखा तैयार करती नजर आ रही हैं। वही कसडोल विधानसभा की बात करें और सतनामी समाज की बात करें तो कसडोल विधानसभा में सतनामी समाज के नेता समाज प्रमुख व शिक्षित जुझारू उम्मीदवारों की कमी नहीं कसडोल विधानसभा क्षेत्र में लाखों की संख्या में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं समाज प्रमुख द्वारा विशेष चर्चा भी किया गया इस बार सतनामी समाज से अपना प्रतिनिधित्व कसडोल विधानसभा के लिए उतारेंगे छत्तीसगढ़ की सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए अभी तक कोई बड़ी विकल्प मुद्दा लेकर नहीं आई है जिससे समाज का कल्याण लगातार समाज में हो रहे अन्याय अत्याचार और शोषण के प्रति बोलचाल एवं रहन सहन के प्रति समाज को हमेशा नीचा दिखाने का काम कर रही हैं जिसमें कहीं ना कहीं कांग्रेस की बहुत बड़ा हाथ नजर आ रहा और इसी दमनकारी हाथ को उखाड़ फेंकने के लिए सतनामी समाज अपना कद और विधानसभा में हाथ मजबूत करने के लिए जगह-जगह बैठक करने का रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। हरीश चंद्र गेंड्रे पार्षद नगर पंचायत पलारी वा प्रदेश सचिव सतनामी समाज छत्तीसगढ़ द्वारा बताया गया कि कसडोल विधानसभा में सतनामी समाज को इकट्ठा करके कसडोल विधानसभा के प्रत्येक घर के अनुसूचित जाति के लोग आकर के सम्मेलन में राजनीतिक बिगुल फूंकेगी।

# जिला अस्पताल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्राथमिकता से पहुंचाया जा रहा राहत

## अब तक 148 बच्चों को श्रवण यंत्र व दिव्यांगता प्रमाण पत्र किया गया प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की सराहनीय पहल से जिले के विशेष आवश्यकता वाले श्रवण बाधित व दृष्टि दोष वाले बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर तत्काल उन्हें सहायक उपकरण व दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। जिला अस्पताल जशपुर में 2 जनवरी 2023 से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। अब तक स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से जिले के विशेष आवश्यकता वाले कुल 175 श्रवण बाधित बच्चों का



नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जिसमें 148 बच्चों को श्रवण यंत्र एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत जशपुर व दुलदुला विकासखंड के 12-12 बच्चे, कुनकुरी के 18, मनोरा के 11, पत्थलगांव के 42, कांसाबेल के 29, बगीचा के 35 एवं फ रसाबहार के 16 छात्र-छात्राएं शामिल है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिले के श्रवण बाधित बच्चों को बेरा टेस्ट के लिए अम्बिकापुर जाना पड़ता था। जिसमें असुविधा के साथ ही समय व धन का व्यय अधिक होता था। जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की समन्वय से बेरा टेस्ट की नि:शुल्क सुविधा जिला अस्पताल में प्रारंभ किया गया है। जिससे यहां के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को तत्काल राहत प्रदान किया जा रहा है।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष रखी अपनी परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने अपने कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। सभी आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी मांगों एवं शिकायतों को प्रस्तुत किया। डॉ मित्तल ने सभी आवेदकों के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार त्वरित निराकरण कर आमजनों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में





आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, अनुकम्पा नियुक्ति, अतिक्रमण हटवाने, मजदूरी भुगतान, मुआवजा, बंटवारा, भूमि.विवाद, नामांतरण, शिकायत जांच, बिजली बिल सुधार, आवास, वेतन वृद्धि, वन अधिकार पट्टा, स्वास्थ्य उपचार के लिए सहयोग, विभागीय योजनाओं से लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से लेने, यथाशीघ्र जांच पूर्ण करने एवं समय.सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

# निस्तारी तालाब को मिट्टी पाटकर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अंचल का एक मशहूर गोटिया निस्तारित तालाब को निजी भूमि होने का कर रहा दावा





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र 31,32, 34, 35 के मध्य फ टहामुड़ा निस्तारी तालाब स्थित है जो कि दो भागों में बंटा है। लगभग 70-80 वर्षों से क्षेत्रवासी उपरोक्त तालाब का इस्तेमाल आसपास के 4-5 वार्ड के लोग नहाने धोने व अन्य निस्तारी में तालाब के पानी का उपयोग करते आ रहे हैं। उपरोक्त तालाब के दूसरे भाग को कुछ लोगों द्वारा मिट्टी और मलमा पाटकर छोटी तालाब को समतल किया जा रहा है उपरोक्त भूमि बंजीपाली के गणपत गोटिया द्वारा अपना निजी भूमि बताया जा रहा है किंतु उपरोक्त भूमि का खसरा और रकबा पूछने पर कुछ भी जवाब नहीं दिया जा रहा वही वार्ड क्रमांक 34 निवासी गुलाब टंडन नामक व्यक्ति द्वारा पिछले तीन-चार दिनों से ट्रैक्टर के माध्यम से उपरोक्त छोटी तालाब में लगभग 300 ट्रैक्टर से अधिक मिट्टी पाठ कर समतल कर दिया गया है, तालाब पाटने की जानकारी जब मोहल्ले वासी गणमान्य नागरिक भूतपूर्व पार्षद और महिला समूह को हुई तो मौके पर पहुंचकर जानकारी लेनी चाही तो मौके पर उपस्थित गुलाब टंडन के कथन अनुसार बंजीपाली निवासी गणपत गोटिया नामक व्यक्ति से प्रति डिसमिल एक लाख रूपये की दर से 15 डिसमिल भूमि खरीदने की बातें कही जा रही है। अंचल वासी लगभग 70-80 सालों से फटामुंडा तालाब का दैनिक निस्तारी में उपयोग करते आ रहे हैं तथा तालाब के दूसरे भाग को मिट्टी पाटकर पूर्ण रूप से अस्तित्व समाप्त कर दिया गया है ऐसे में क्षेत्रवासियों को दैनिक निस्तारिणी समस्या उत्पन्न होगी तथा तालाब की निस्तारित भूमि को मिट्टी पाटकर भवन बनाना पूर्ण रूप से अवैधानिक कृत्य है। उपरोक्त निस्तार तालाब को सुरक्षित रख संवर्धन की आवश्यकता है। मोहल्लेवासियों की मांग है कि उपरोक्त निस्तारित तालाब शासकीय भूमि का सीमांकन कर अवैधानिक रूप से शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करने व दैनिक निस्तारी हेतु फ टहामुड़ा सरोवर धरोहर की रक्षा कर क्षेत्रवासियों के हित में आवश्यक कार्यवाही करने मांग की गई है। गौरतलब हो कि रविवार छुट्टी के दिन स्थानीय लोगों द्वारा दूरभाष पर राजस्व विभाग को तालाब मिट्टी प्लाट पर कब्जा किए जाने की शिकायत की गई थी जिसमें दोपहर 2 बजे के आसपास रायगढ़ एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार लोमेश मिरी, आरआईए पटवारी ममता पांडे की टीम मौके पर पहुचे थे तथा तालाब पर मिट्टी पाटने वाले को काम रोकने के निर्देश देते हुए कड़ी फ टकार लगाई गई वही फ टहामुड़ा निस्तारित तालाब का सीमांकन करने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए हैं तथा जांच कार्यवाही पूर्ण किए बिना किसी प्रकार का निर्माण कार्य और मिट्टी पाटने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बहरहाल मोहल्ले वासियों द्वारा जिला कलेक्ट्रेट में फ्टहामुड़ा निस्तारी तलाक का सीमांकन कर कब्जा मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है वही अंचल के एक मशहूर गोटिया द्वारा उपरोक्त भूमि को निजी होने का दावा किया जा रहा है ऐसे में अब यह देखना लाजमी होगा कि प्रशासन की जांच पड़ताल के बाद निस्तारी तालाब के मामले पर किस प्रकार की कार्यवाही की जावेगी।

## प्रशासन आपके द्वार अभियान- ग्राम पंचायत सरखों और कड़ारी में शिविर का हुआ आयोजन

ग्राम पंचायत कड़ारी में 58 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोगो के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन आपके द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा शिविर में उपस्थित होकर आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत कड़ारी में आयोजित शिविर में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 3 आवेदन प्राप्त हुए, खाद्य विभाग अंतर्गत 10 आवेदन, राजस्व विभाग अंतर्गत 10 आवेदन, शिक्षा विभाग अंतर्गत 2 आवेदन और प्रधानमंत्री आवास के मांग संबंधित 30 और शिकायत संबंधित 1 आवेदन सहित कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 58 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसी प्रकार सरखों में आयोजित शिविर में भी विभिन्न प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया है।

### 22 मार्च को ग्राम पंचायत अमरताल और नवापारा (ब) में होगा शिविर का आयोजन -

प्रशासन आपके द्वार अभियान अंतर्गत 22 मार्च को विकासखंड अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरताल और विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा (ब) में शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत अमरताल में आयोजित शिविर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरताल, तिलाई और तागा के आवेदन सम्मिलित किये जाएंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नवापारा (ब) में आयोजित शिविर अंतर्गत नवापारा (ब) और बछौद के आवेदन लिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।

## कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने रीपा गौठानों का किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों को 25 मार्च के पहले पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज बिलाईगढ़ और सारंगढ़ विकासखण्ड के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने सुबह बिलाईगढ़ स्थित रोहिना और बेलटिकरी गौठानों का निरीक्षण किया।



बेलटिकरी गौठान में मिनी राइस मिल, फ्लाई एश और बॉटलिंग प्लांट लगाया जाएगा। इसके अलावा रोहिना स्थित गौठान में दोना पत्तल, पेपर कप एवं ग्लास, कपड़े धोने का साबुन, सर्फ एवं मसाला उद्योग स्थापित किया जाएगा। आगामी 25 मार्च को रीपा गौठानों में रीपा योजनांतर्गत कार्यों के उद्घाटन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर द्वारा लगातार शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है एवं कार्यों का नियमित अपडेट लिया जा रहा है। जिले में रीपा योजना अंतर्गत सभी जनपदों में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इन्हीं कार्यों के निरीक्षण हेतु आज कलेक्टर जिले के रीपा गौठानों के दौरे पर रहीं। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सारंगढ़ स्थित छिन्द रीपा गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौठानों में निर्माणाधीन कार्यों की सराहना करते हुए समस्त निर्माण कार्यों को तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। छिन्द रीपा गौठान में बेकरी यूनिट, मिठाई बॉक्स यूनिट, फ्लाईएश मशीन एवं मुर्रा मिल मशीन का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर ने इन कार्यों की गुणवत्ता बरकरार रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ अभिषेक बनर्जी एवं सीईओ योगेश्वरी बर्मन, संबंधित ग्रामीण विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं गौठान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजनाय् के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है। गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व.सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।







## एक नजर

### जेईई के लिए निःशुल्क आवासीय क्रैश कोर्स संकल्प संस्थान में 26 मार्च से प्रारंभ

कम्प्यूटर आधारित तीन टेस्ट लिए जायेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में जेईई हेतु नि:शुल्क आवासीय क्रैश कोर्स आयोजित किया जा रहा है। जहाँ संस्था में आवास एवं भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था कराई जायेगी। क्रैश कोर्स की कक्षाएं 26 मार्च 2023 से प्रारंभ होगा। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि क्रैश कोर्स के लिए वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने जेईई मेंस का फॉर्म भरा हो और जो जशपुर जिले का निवासी हो। किसी भी शासकीय, अशासकीय अथवा अनुदान प्राप्त शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी बालक एवं बालिका दोनों ही आवेदन कर सकते है। उन्होंने जिले के विद्यालयों के प्राचार्यो को अपने-अपने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का जिन्होंने जेईई मेन्स में फॉर्म भरें हैं पंजीयन करवाने के लिए आग्रह किया है। जेईई की तैयारी संकल्प के शिक्षकों द्वारा बनाई गई विशेष रणनीति के तहत कराई जाएगी जिसमें इस बार परीक्षा के नवीन पैटर्न का ध्यान रखा जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थियों को अभ्यास हेतु 3 ऑफलाइन एवं 3 ऑनलाइन कंप्यूटर में टेस्ट देने की सुविधा होगी। टेस्ट के पश्चात विषयवार विद्यार्थियों के परफॉर्मेंस की समीक्षा भी की जाएगी। प्रत्येक दिन एक कालखंड शंका समाधान का भी होगा। जिसमें विद्यार्थी अपने विषयगत समस्याओं का समाधान कर पाएंगे। चूंकि जेईई की परीक्षा ऑनलाइन मोड में कंप्यूटर आधारित लिया जाएगा इसलिए संकल्प के कंप्यूटर लैब में अभ्यास टेस्ट भी कंप्यूटर के माध्यम से दिए जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। पात्र विद्यार्थियों को 26 मार्च 2023 को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा। पात्र विद्यार्थी अपने सामान के साथ संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 12 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। विलंब से आने पर और निर्धारित संख्या 100 पूर्ण होने की स्थिति में पंजीयन नहीं हो सकेगा।

### भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में पढ़ रहे बीटेक के छात्र ने की खुदकुशी



**दुर्ग।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में पढ़ रहे बीटेक के छात्र ने रविवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। नारायणपुर जिले का रहने वाला छात्र दुर्ग में रहकर इंजीनियिरंग की पढ़ाई कर रहा था। चौथे सेमेस्टर पढ़ाई कर रहा था इस बीच छात्र ने आत्मघती कदम उठा लिया। छात्र की पहचान रोहित देवांगन (21) के रूप में हुई है। छात्र सिंधिया नगर सड़क नंबर 3 निवासी उबैद अहमद खान के यहां किराए से रहता था। घटना की सूचना के बाद मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मोहन नगर पुलिस के पास रविवार दोपहर बाद सूचना मिली कि सिंधिया नगर में किराए के मकान में रहने वाले इंजीनियरिंग छात्र रोहित देवांगन ने खुदकुशी कर ली है। इसी मकान में रहने वाले दूसरे छात्र ने सबसे पहले रोहित को फंदे से लटकता देखा। पुलिस जब पहुंची तो देखा कि छात्र ने दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा लिया। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया और शव का पंचानाम कर पीएम लिए रवाना किया गया। पुलिस ने छात्र के परिजनों को सूचना दी। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है और पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

### मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर की संचालन समिति गठित

**कोरबा** । चैतुरगढ़ स्थित आदिशक्ति मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर के संचालन समिति का गठन कर लिया गया है। समिति के प्रशासक पाली एसडीएम नियुक्त किए गए ।

## रतनपुर थाना प्रभारी ने ली व्यापारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




रतनपुर मे नवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर नजर आईए रतनपुर थाना प्रभारी प्रशांत सिंहा ने मेन रोड रतनपुर के सभी व्यापारियों को बुलाकर थाने में मीटिंग ली जिसमें उन्होंने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया और उन्होंने समझाइश भी दी कि कोई भी व्यापारी सड़क पर दुकान फैलाकर नहीं लगाएगा। जिस किसी को भी सड़क पर समान बढ़ाकर रखा हुआ पाया जाएगा तो उसे कार्यवाही करते हुए जप्त की जाएगी। इसलिए सभी व्यापारियों से निवेदन किया गया है कि वह नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए अपने दुकान के सामने लाइटिंग एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाएं और व्यवस्थित ढंग से दुकान को रखें जिससे किसी भी दर्शनार्थी और आने जाने वालों को कोई परेशानी ना हो, यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए आज यह मीटिंग आहूत की गई थी जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि। गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर जनदर्शन में लोगों की मांग और शिकायत सुनीं गई

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ.फरिहा ऑलम सिद्दीकी के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने जनदर्शन में आए लोगों की मांग शिकायत, सुझाव सुनीं एवं निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




जनदर्शन के अधिकतर मामलों में वृद्धा और दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, वनाधिकार पट्टा, मनरेगा मजदूरी भुगतान का लाभ दिलाने के लिए आग्रह किया गया है। जनदर्शन में लगभग 65 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में सरिया से आए युवकों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरिया में स्थाई नवीन एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की है। युवकों ने बताया कि इस केन्द्र में प्रसवए गंभीर मरीज आदि की स्थिति के लिए सरिया में एंबुलेंस की व्यवस्था कराना बहुत जरूरी है। ग्राम ठनठनी के ग्रामीणों ने कोटवार को हटाने के लिए शिकायत की है। बरमकेला की सावित्री सिदार और श्याम बाई ने बाड़ी में पटवारी द्वारा किए गए राजस्व कार्य की जांच के लिए शिकायत की है। भटगांव की फ ुलबाई विश्वकर्मा द्वारा स्वयं की जमीन की प्रमाणीकरण की मांग की गई है कि उसके खरीदी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा धोखा से बेच दिया गया है। ग्राम उड़काकन के दिवाकर प्रसाद ने क्रेडा द्वारा सोलर पंप स्थापना के प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने ग्राम पुरगांव में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सेवा कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के बारे में शिकायत की है। ग्राम उलखर के कृष्ण कुमार चन्द्रा के मोबाइल में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लॉटरी केबीसी द्वारा किए गए 2 लाख रूपए की ठगी किया गया है। इसके लिए ठगी हुई राशि के वापसी के लिए आवेदन दिया गया है। सहकारी समिति में धान बिक्री के भुगतान परिवार के नंबरदार के खाते में हुए भुगतान से अपना हिस्सा प्राप्त करने के लिए ग्राम जशपुर के भुरूवा यादव द्वारा धान विक्रय की राशि के लिए जनदर्शन में आवेदन दिया गया है। वहीं किशोरी बालिकाओं के दल ने सारंगढ़ के सार्वजनिक स्थानों, चौक.चौराहों आदि स्थलों में महिला प्रसाधन के स्थापना के लिए मांग की है। ग्राम आमाकोनी की महिलाओं ने जिओ मोबाइल कंपनी के टॉवर की स्थापना के लिए मांग की है। अपर कलेक्टर तिवारी ने महिलाओं को ग्राम आमाकोनी में जिओ कंपनी के मोबाइल टॉवर की स्थापना के लिए आश्वासन दिया है।

### दिव्यांग जयराम लहरे तत्काल अन्त्योदय कार्ड पाकर खुश हुए

जनदर्शन में ग्राम पंचायत कोट निवासी जयराम लहरे पिता संतराम लहरे जो 70 प्रतिशत विकलांग हैं। उन्होंने अंत्योदय कार्ड हेतु आवेदन किया जिस पर अपर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया, उक्त आवेदन पर आज ही जयराम लहरे के प्राथमिकता कार्ड को अंत्योदय कार्ड बनाया गया। अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में जिले के दूरस्थ अंचल से आए हितग्राही से जिले बनने के बाद मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। हितग्राही ने बताया कि उन्हें कलेक्टोरेट कार्यालय की जानकारी है और जिला बनने के बाद अब जरूरी काम आसानी से होने लगा है। उन्होंने बताया कि पहले जब रायगढ़ जिला था तो आवागमन में ज्यादा दूरी तय करनी पड़ती थी। अब दूरी कम हुई है तो पहले से सहूलियत है।

### सरिता को जनदर्शन के दौरान तत्काल मिला नया राशन कार्ड

जनदर्शन के दौरान ग्राम तिलाईपाली, विकासखण्ड बरमकेला निवासी खेमराम खुंटे अपनी 18 वर्षीय पुत्री सरिता खुंटे जिनकी ऊंचाई अज्ञात शारीरिक समस्याओं की वजह से बचपन से कम है। उनके पेंशन एवं राशन कार्ड बनाने के संबंध में आवेदन किया।

इस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी को प्राथमिकता से तत्काल राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही पेंशन हेतु भी जांच कर निराकरण करने को कहा। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया गया। खेमराज ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड बनने पर खुशी जाहिर करते हुए अपर कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि दिव्यांगजन अपनी समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय आते रहते हैं, चाहे वह वृद्धावस्था पेंशन का मामला हो, राशन कार्ड संबंधी समस्या हो या फिर ट्राइसाईकिल की मांग हो, इन सब मामलों में कलेक्टर द्वारा मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं को हमेशा से पहली प्राथमिकता में लेकर उस पर त्वरित कार्यवाही की गई है।

# जिला स्तरीय बाइक रैली के साथ पोषण पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

### आंगनबाड़ी केन्द्रों व पंचायतों में पोषण जागरूकता के लिए 03 अप्रैल तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम




जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

पोषण अभियान अंतर्गत जिले में 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा शिवकला कंवर ने जिले में बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस जागरूकता रैली में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय ने स्वयं स्कूटी चलाते हुए साथ में स्कूटी के पीछे सीट पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार को बिठाकर जिले में लगभग 5 किलोमीटर तक स्कूटी चलाया। उन्होंने इसके माध्यम से लोगों को पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। यह रैली कलेक्टोरेट परिसर से निकलकर कोसाबाड़ी चौक होते हुए घंटाघर से बुधवारी बाजार से आईटीआई चौक होते हुए अपने गंतव्य स्थान में वापस आकर संपन्न हुआ। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मुख्य रूप से 3 थीम अनुसार गतिविधि आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत पोषण कल्याण के लिए अन्न मिलेट्स का प्रचार प्रसार और लोकप्रियता, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा एवं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित थीम के अनुसार 3 अप्रैल 2023 तक प्रतिदिन कैलेंडर अनुसार गतिविधि आयोजित की जाएगी। इस गतिविधि में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों में लोगों को सुपोषण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। साथ ही आयोजित गतिविधियों को पोषण ट्रैकर ऐप में भी प्रतिदिन इंद्राज किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत मिलेट्स से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता, प्रदर्शनी एवं मिलेट्स जागरूकता कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। स्वसहायता समूह के सहयोग से मिलेट्स से बना हुआ तिरंगा थाली का भी प्रदर्शन किया जाएगा।



पोषण पखवाड़ा के दौरान स्वस्थ बालक.बालिका स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत छह वर्ष तक के बच्चों का वजन लंबाई एवं ऊंचाई मापन किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत समुदाय आधारित गतिविधियों जैसे सुपोषण चौपाल, महिला समूहो की बैठकए पालको का बैठक करना तथा लिंग संवेदनशील, जल प्रबंधन, एनीमिया की रोकथाम व प्रबंधन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस पखवाड़ा में विभिन्न विभागों का भी समन्वय किया जा रहा है। ताकि कोरबा जिले में लोगो को कुपोषण के प्रति व एनीमिया रोकथाम के लिये जागरूक किया जा सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा चखियार ने बताया कि भारत सरकार व छत्तीसगढ़ राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य में 03 अप्रेल तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का दिवस के अनुसार कैलेंडर जारी किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पोषण सम्बन्धित व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जाएगा।



### मिलेट्स से बने व्यंजनों के बारे में भी किया जाएगा जागरूक

## समाचार सार

### विकास खण्ड स्रोत समन्वयक के पद पर कार्यरत अंतराम धृतलहरे की सेवानिवृत्त पर सम्मानित



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विकास खण्ड सक्ती अंतर्गत विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद पर कार्यरत अंतराम धृतलहरे सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर सर्व केपी राठौर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सक्ती,नन्दलाल सहा. ग्रेड 02,संजय गवेल सहा ग्रेड 03, बृजेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान पाठक, भुवनेश्वर प्रसाद साहू ग.भो. कम्प्यू ऑपरेटर विष्णु कुमार सूर्यवंशी म.भो कम्प्यू ऑपरेटर,मिथिलेश मैत्री भृत्य, कृष्ण कुमार साहू सहा.शिक्षक एलबी एवं मनी कुमार यादव अंशकाली सफाई कर्मचारी की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह भेंट की गई।

### कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन भवन निर्माण तथा नव स्वीकृत कार्यों की समीक्षा किया वहीं कलेक्टर ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड, ऑपरेशन थिएटर,ओपीडी,आईपीडी,लैब, का निरीक्षण किया। ड्यूटी में उपस्थित डॉक्टर,नर्स, वार्ड बॉय, ड्रेसर के ड्यूटी का भौतिक निरीक्षण कर कलेक्टर ने अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपिएम अर्चना तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली और नव जिले में ब्लड बैंक, एनआरसी, नव ओपीडी,अस्पताल उन्नयन के कार्यों की समीक्षा किया कलेक्टर ने अस्पताल में पिछले 2 महीने में 100 से अधिक महिला नसबंदी 42 सीजेरियन आपरेशन पर स्वास्थ्य विभाग का हौसला अफ्जाई किया। जिले में अप्रैल से मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरूवात करने की पहल, फायर आडिट, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने संबंध में कलेक्टर ने जानकारी ली। जल्द ही सक्ती अस्पताल में ओपीडी, तथा अन्य कार्यालय इकाईया जो की मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में संचालित हो रही है उन्हे व्यवस्थित करने की पहल की समीक्षा की।

### पढ़ना एक कला है, यह आपकी जिंदगी आसानी से बदल सकती है : इक्यू तजू

**कोरबा** । ओशो सन्यासी स्वामी इक्यू तजू ने पढ़ने की कला को साधना बताया। उन्होंने विश्व के सफलतम व्यक्तियों का उदाहरण देते हुए कहा कि सिर्फ पुस्तक पढ़ लेना अलग बात है, लेकिन पढ़ने की आदत को विकसित कर महान विचारकों के विचार को आत्मसात करते हुए अपने जीवन की चेतना को उच्चतम स्तर तक ले जाकर अपने जीवन को सार्थक कर लेना ही सही अर्थों में पढ़ना कहा जा सकता है।

उन्होंने वर्तमान में मोबाइल को युवक की फास्ट लाइफ को मनुष्य की चेतना के लिए नुकसानदायक बताते हुए जीवन को उसकी निर्धारित प्राकृतिक गति के अनुसार जीने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किताब पढ़ने के फायदे होते हैं, ज्ञान मिलता है। पुस्तकों के संबंध में यह संदेश पर्याप्त नहीं है। यह बात आर्ट ऑफ रीडिंग पर सती योग अहमदाबाद गुजरात द्वारा आयोजित वेबिनार में कही। वेबिनार में शहर समेत अन्य राज्यों के शिक्षाविदों के साथ युवाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने आगे कहा कि जे कृष्णमूर्ति की जिंदगी का उदाहरण देते हुए रीडिंग की हैबिट्स को डेवलप करने और चेतना के स्तर को ध्यान के माध्यम से उच्च से उच्चतम बनाने को लेकर सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से लाइफ स्लो है, यदि आप लाइफ की गति से चलेंगे तो हर पल आनंद से भर जाएगा। वेबिनार में अष्टावक्र महागीता की महत्ता की भी चर्चा की गई।

# एक दिवसीय मानिकपुरी सम्मेलन का आगाज जशपुर जिले के मार्गदर्शन से कामडीह में



जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

रविवार को मानिकपुरी समाज युवा जागरुकता सम्मेलन का बैठक ग्राम करमडीह प्रखंड कुरडेग जिला सिमडेगा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि धनी दास अध्यक्ष जिला जसपुर के अध्यक्षता में बैठक संपन्न किया गया जिसमें युवाओं को समाज के प्रति उत्तरदायित्व सौंपा गया और युवाओं ने अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार किया। और समाज के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए युवाओं को सचिव पी डी टांडिया के द्वारा मार्गदर्शन सीतापुर ब्लॉक अध्यक्ष कमल दास भी युवाओं यह के कार्य को देखते हुए धन्यवाद दिए। शुभेच्छु ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद दास सचिव अशोक दास उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दास और अनिल दास कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश दास महंतजय दास महंत रामदेव दास महंत नव युवा कार्यकर्ता संघ जिला जसपुर अध्यक्ष सुदामा दास सचिव संतोष दास महंत कोषाध्यक्ष सचिन दास संरक्षण शिव प्रसाद दास परशु दास महंत पारसनाथ दास एवं समस्त पनिका समाज ग्राम करमडीह।

# प्रस्तावित रिंग रोड पर आम जनता से राय मशवरा आवश्यक-व्यापारी संघ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




रायगढ़ में रिंग रोड का मसौदा शासन द्वारा स्वीकृत किए जाने की खबर समाचार पत्रों और विभिन्न न्यूज वेबसाइट के माध्यम से पता चली है। रायगढ़ व्यापारी संघ इसके लिए शासन का धन्यवाद ज्ञापित करता है और इस प्रस्ताव का स्वागत करता है। साथ ही शासन से यह मांग करता है कि इस प्रस्तावित रिंग रोड को अंतिम रूप देने से पूर्व रायगढ़ की जनता से इस पर विचार विमर्श होना चाहिए क्योंकि यह रिंग रोड रायगढ़ की जनता के हितों को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि किसी भी शहर के रिंग रोड को आने वाले भविष्य में 40-50 वर्षों के होने वाले भौगोलिक विकास के अनुमान के आधार पर बनाया जाता है इसलिए यह रिंग रोड रायगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले भी शहर के विकास की कई अधोसंरचनाओं की योजना बंद कमरों में प्रस्तावित हुई और फिर जब वे बनी तो कुछ दिनों में ही अनुपयोगी हो गई। वर्तमान प्रस्तावित रिंग रोड का जो मसौदा समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है उसमें कुछ परिवर्तन होने चाहिए जैसे कि अंबिकापुर पत्थलगांव जशपुर धरमजयगढ़ घरघोड़ा तमनार होते हुए जो भारी वाहन आएंगे वे गोवर्धनपुर होते हुए इंदिरा विहार के रास्ते से आगे बढ़ेंगे यहां पर देखने वाली बात यह है कि गोवर्धनपुर और इंदिरा विहार तक रायगढ़ का विस्तार हो चुका है। कई कालोनियां बसी हुई है कई कालोनियां प्रस्तावित है यहां पर दो बड़े स्कूल है और एक कृषि महाविद्यालय है जिनके छात्र-छात्राएं प्रतिदिन यहां आते हैं और यही से आना-जाना भी करते हैं यदि भारी वाहन इस मार्ग का इस्तेमाल करेंगे तो कुछ दिनों में ही यह एक बड़ा नासूर बन जाएगा फिर इस अनुपयोगी मार्ग को कहीं और प्रस्तावित किया जाएगा ऐसे में शासन का करोड़ों का नुकसान तो होगा ही हो सकता है कि इन भारी वाहनों की चपेट में आकर कुछ नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ जाए। रायगढ़ व्यापारी संघ के महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि होना यह चाहिए कि एक मार्ग एनटीपीसी रेल लाइन द्वारा इस्तेमाल किया गया है। इस मार्ग को भी उर्दना के पास से बाहरी बाहर एनटीपीसी रेल लाइन के समानांतर ले जाते हुए उड़ीसा मार्ग से जोड़ दिया जाए जिससे भारी वाहन शहर के अंदर नहीं आएंगे और भी शहर को प्रदूषित भी नहीं करेंगे। यदि हम शहर के बाकी कोनो को देखें तो वहां पर रिंग रोड को शहर से बहुत दूर से बनाया जा रहा है परंतु यही एक ऐसा कोना है जो शहर से स्पर्श करते हुए निकलेगा अत: इसे भी शहर से दूर होना चाहिए व्यापारी संघ के संस्थापक सदस्य बजरंग महमिया, राजेश अग्रवाल, ललित बोंदिया, राकेश पटेल, उमाशंकर पटेल, रवि अग्रवाल, करतार सिंह कालरा, धर्मपाल चौधरी ने शासन से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# विधानसभा में सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर कर्मचारियों में आक्रोश, 21 मार्च करेंगे विधानसभा घेराव

### 12 वर्षों से स्कूलों में सेवा देने वाले कर्मचारी को 2800 रुपए मानदेय

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा 21 मार्च को ट्रेलर जून माह से 65-65 विधायकों की सहमति,समर्थन पत्र को लेकर करेंगे पिक्चर रिलीज, पिक्चर फ्लॉप होने पर देंगे इस्तीफा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में 12 वर्षों से सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। कार्य के एवज में 2000 से 2400 प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जाता है। पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान करते हुए नियमितीकरण करने का वादा कांग्रेस पार्टी के द्वारा 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले कहा गया था। परंतु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी मांगे पूरी नहीं हो पाई है। 6 मार्च के बजट में केवल 300 बढ़ाए जाने पर संघ ने सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त किया गया है। साथ ही विधायक डॉ रेणु जोगी के द्वारा विधानसभा में कलेक्टर दर पर श्रमिक के रूप में वेतन कब से प्रदान किया जाएगा। सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय टेकाम के द्वारा निश्चित समय नहीं बताएं जाने पर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त, इसलिए 21 मार्च को प्रांतीय आह्वान पर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांगों को पूरा कराए जाने को लेकर नया रायपुर तूता स्थित धरना स्थल पर हड़ताल प्रदर्शन करते हुए आक्रोश रैली निकालकर विधानसभा घेराव करेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान संघ की मांगों को पूरा किए जाने को लेकर घोषणा नहीं किए जाने पर।जून माह से स्कूल सफाई कर्मचारी छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 60 से 65 विधायकों का सहमति, समर्थन पत्र को लेकर पदयात्रा करते हुए रायपुर पहुंचेंगे।मांगे पूरी नहीं होने पर सभी जिलों से सहमति लेकर सरकार को सौंपेंगे इस्तीफा पत्र।

# चार किलो गांजा सहित 1 महिला गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर के द्वारा अवैध नशे के कारोबार तथा नशा से निजात दिलाने अभियान चलाया जा रहा है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुलदेव शर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन पर लगातार कार्यवाही दौरान दिनांक 20 मार्च के थाना रतनपुर पुलिस को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि एक महिला अपने साथ में एक थैला काई रंग का में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखी हुई है। अंबिकापुर जाने के लिये खंडोबा तिराहा के पास एनएच 130 में बस का इंतजार कर रही है। कि सूचना पर तस्दीक कार्यवाही दौरान मौके पर एक महिला उम्र लगभग 45-50 साल को मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार महिला स्टाफ साथ के घेराबंदी कर पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने तथा अपने पास रखे थैला में क्या सामान है पूछने पर तथा तस्दीक पर थैले के अंदर में 03 पैकेट भूरा रंग का सेलो टेप में लपेटा हुआ पैकेट में मादक पदार्थ गांजा वजनी करीबन 04 कि.ग्रा. बरामद हुआ आरोपीया के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर 20 मार्च के गिरफतारी कार्यवाही कर न्यायालय में पेस किया गया इस प्रकार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर नशे के अवैध नशे के विरूद्ध थाना रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।



# जनचौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने अध्ययन में सहयोग हेतु दृष्टिबाधित चुड़ामणी को दिया टेबलेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम कोनपारा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग चुड़ामणी साहू आज जनचौपाल में अध्ययन में सहयोग हेतु सहायक उपकरण की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे, उन्होंने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा को बताया कि वे दृष्टिबाधित है एवं कालेज में अध्ययनरत है, कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर कलेक्टर सिन्हा के हाथों साहू को टेलबेट प्रदान किया गया। इसी प्रकार विकासखंड पुसौर के ग्राम जकेला निवासी मीनकेतन यादव ने दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन किया था, कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा यादव का पेंशन आवेदन का जांच कर निराकरण किया गया तथा उनके मांग के अनुरूप स्टिक भी प्रदान किया किया, इसी तरह जेल पारा रायगढ़ निवासी चन्द्रा वाहने राशन कार्ड बनाने आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंची थी, जिस पर खाद्य विभाग द्वारा मौके पर पात्रतानुसार अंत्योदय राशन कार्ड बना कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 96 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आयोजित जनचौपाल में ग्राम भूईकूर्री निवासी मोहित राठिया अपनी बिटियां के इलाज के लिए आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुचे थे, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि उनकी बेटी अहिल्या की आंखे कमजोर हो चुकी है एवं चलने फिरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से इलाज में आर्थिक सहयोग हेतु आग्रह किया, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को निर्देशित किया। सीएमएचओ ने परिजनों को इलाज के लिए चयनित हॉस्पीटल में इलाज में आने वाले खर्च का ब्यौरा लाने को कहा ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। मिट्ठुमुडा बजरंग चौक निवासी अनिल दास महंत आज जन चौपाल में जीवन-यापन के लिए व्यवसाय प्रारंभ करने आर्थिक सहयोग हेतु आवेदन दिया, उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है एवं आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, वे परिवार के भरण-पोषण के लिए व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते है, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से व्यवसाय प्रारंभ करने आर्थिक सहयोग के लिए निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को सहयोग के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार विकासखंड पुसौर के ग्राम बड़े हल्दी के ग्रामीण भू-अर्जन के तहत मुआवजा राशि की मांग आवेदन लेकर आए थे। ग्रामीणों की चर्चा कर कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन निराकरण के लिए तत्काल ईई पीडब्लूडी को निर्देश दिए। ग्राम नंदेली के ग्रामवासियों ने आश्रित ग्राम बैसपाली में राशन प्रदान की मांग आवेदन लेकर जनचौपाल में आए थे, उनका कहना था कि आश्रित ग्राम से उचित मूल्य की दुकान की दूरी अधिक होने से ग्रामीणों को समस्या होती है। उन्होने आश्रित ग्राम में उचित मूल्य की दुकान प्रारंभ करने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने ग्रामीणों के आग्रह पर खाद्य विभाग को आश्रित ग्राम में राशन प्रदान करने निर्देशित किया। लामीदरहा निवासी लक्ष्मी पीएम आवास हेतु आवेदन लेकर पहुंची थी। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, पेंशन, राशन आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री डी.आर.रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सलमान खान के फैंस के लिए आई खुशखबरी, एक्टर की नई फिल्म का हुआ ऐलान!



बॉलीवुड फिल्मों के जाने माने मशहूर अभिनेता सलमान खान को बड़ पर्दे पर देखने के लिए उनके प्रशंसकों की आंखें तरस गई हैं। दरअसल, बीते दो वर्षों से भाईजान की एक भी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई है। अंतिम बार उन्हें वर्ष 2021 में आई फिल्म अंतिम में देखा गया था। हालांकि, इस बीच वह पठान और गॉडफादर में भी दिखाई दिए थे। मगर, इन फिल्मों में वह मात्र 20-30 मिनट के लिए पर्दे पर कैमियो करते नजर आए थे। यही वजह है कि उनके प्रशंसक उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक ओर, जहां इस वर्ष उनकी दो फिल्में किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 रिलीज होने के लिए तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर, उनकी नई फिल्म की घोषणा हो गई है।



## गैसलाइट के बाद सारा अली खान के हाथ लगा एक और प्रोजेक्ट

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए भी काफी चर्चा में रहती हैं। जल्द ही सारा अली खान एक्टर वि ांत मैसी और एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह के साथ गैसलाइट में नजर आने वाली हैं।

उनकी यह मूवी 31 मार्च को रिलीज होने वाली है, जिसका ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है। लेकिन गैसलाइट की रिलीज से पहले ही सारा अली खान के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। दरअसल, सारा अली खान जल्द ही गुंजन सक्सेना के डायरेक्टर शरण शर्मा की अपकमिंग मूवी में नजर आ सकती हैं।

सारा अली खान की अपकमिंग मूवी से जुड़ी जानकारी उनसे जुड़े सूत्रों ने दी है। बताया जा रहा है कि शरण शर्मा की इस अपकमिंग मूवी की स्क्रिप्ट काफी अलग हटकर है, जिसके लिए सारा अली खान को परफेक्ट माना गया है। इस बारे में बात करते हुए सूत्र ने कहा, मूवी की स्क्रिप्ट काफी हटकर है और शरण को लगता है कि सारा इस हिस्से के लिए बिल्कुल परफेक्ट रहेंगी। फिल्म को लेकर फॉर्मैलिटी भी सारी पूरी कर ली गई है और माना जा रहा है कि इसकी शूटिंग भी जल्द ही शुरू हो सकती है। हालांकि अभी तक सारा अलीखान की इस मूवी का नाम सामने नहीं आया है।

## रेड आउटफिट में हिना खान ने दिखाई कातिलाना अदाएं


### फोटो ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें


*रेड कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस हिना खान बेहद ही सिजलिंग लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। ब्राउन आंखें और कातिलाना अंदाज में एक्ट्रेस हिना खान गजब ढा रही हैं। बॉडी हगिंग आउटफिट में एक्ट्रेस हिना खान अपने कातिलाना अंदाज से कहर बरपाए रहती हैं। रेड कलर के शॉर्ट ड्रेस में एक्ट्रेस हिना खान बेहद ही स्टाइलिश और डेसिंग नजर आ रही हैं।*

ग्लॉसी मेकअप और खुली जुल्फों के साथ हिना खान बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में एक से बढ़कर एक पोज दिए। एक्ट्रेस हिना खान अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं। हिना खान की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 18.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस हिना खान अपने फैंस के लिए एक से बढ़कर एक बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



## मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर मारी बाजी, ज्विगाटो को पछाड़ा




**बी**ते दिन यानी शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे और कपिल शर्मा की ज्विगाटो ने दस्तक दी। दोनों ही फिल्मों के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और इनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दमदार मां के किरदार में रानी ने सबका दिल जीत लिया है, तो कपिल भी डिलीवरी बॉय बनकर छा गए हैं। आइए जानते हैं बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।

आशिमा छिब्बर के निर्देशन में बनी यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें सागरिका चटर्जी के नॉर्वे सरकार से अपने बच्चों को वापस पाने के लिए संघर्ष की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में रानी देबिका के किरदार में नजर आई हैं और अपने बच्चों की खातिर पूरे देश के खिलाफ अकेले लड़ाई लड़ती हैं। फिल्म के कारोबार की बात करें तो अभी तक आए आंकड़ों के अनुसार, यह पहले दिन 1.27 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही है। नंदिता दास की फिल्म ज्विगाटो में कॉमेडियन कपिल एक अलग ही किरदार में नजर आए हैं। कोरोना वायरस के बाद लगे लॉकडाउन में नौकरी जाने के बाद डिलीवरी बॉय का काम करने पर मजबूर हुए इस शख्स की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन अगले साल सिनेमाघरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन का नाम इंडस्ट्री के सबसे दमदार कलाकारों में शुमार है. अजय देवगन की सबसे बेहतरीन फिल्मों की बात की जाए तो उसमें सिंघम का नाम टॉप लिस्ट पर जरूर शामिल होगा. अब तक अजय सिंघम और सिंघम रिटर्न्स के जरिए दर्शकों को भरपूर मनोरंजन कर चुके हैं. बीते समय में डायरेक्टर रोहित शेट्टी अजय देवगन स्टारर सिंघम अगेन यानी तीसरे पार्ट का एलान कर चुके हैं. इस बीच अब सिंघम अगेन की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. मशहूर फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श की ओर से अजय देवगन की सिंघम अगेन की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट मिला है. दरअसल तरण ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर ये जानकारी दी है कि डायरेक्टर रोहित शेट्टी और एक्टर अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन दिवाली 2024 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इससे पहले रोहित शेट्टी की कॉप स्पेशलिस्ट इस फ्रेंचाइजी के पिछले दो पार्ट्स सिंघम और सिंघम रिटर्न्स ने बॉक्स ऑफिस पर ताबडतोड़ कमाई की है. ऐसे में अब अगले साल दिवाली पर सिंघम अगेन किस तरह की प्रदर्शन करेगी, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा. तरण आदर्श ने अपने इस लेटेस्ट पोस्ट में सिंघम अगेन की शूटिंग को लेकर भी जानकारी दी है. जिसमें ये बताया है कि इस साल जुलाई के महीने से रोहित शेट्टी और अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू हो जाएगी. ऐसे में सिंघम 3 को लेकर इस लेटेस्ट अपडेट ने यकीनन अजय देवगन के फैंस की एक्साइटमेंट को बड़ा दिया होगा।

# खेल

## न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका पर किया क्लीन स्वीप : पारी और 58 रन से जीता दूसरा मैच

### सीरीज 2-0 से अपने नाम की

न्यूजीलैंड ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में श्रीलंका को पारी और 58 रन से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका ने चौथे दिन दूसरी पारी में 113/2 के आगे खेलना शुरू किया और टीम 358 रन पर ऑलआउट हो गई। हेनरी निकोल्स को प्लेयर्स ऑफ द मैच और केन विलियमसन को प्लेयर्स ऑफ द सीरीज चुना गया।

### दूसरी पारी में डी सिल्वा ने खेली 98 रन की पारी

श्रीलंका के लिए दूसरी पारी की भी शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। चौथे दिन की शुरुआत एंजेलो मैथ्यूज और कुशल मेंडिस ने की। श्रीलंका के लिए दूसरी पारी में धनंजय डी सिल्वा (98), दिनेश चांडीमल (62) और कुशल मेंडिस (50) ने अर्धशतकीय पारी खेली। बॉलिंग में टिम साउदी और ब्लेयर टिकनर को 3-3 विकेट मिले। वहीं, माइकल ब्रेसवेल को 2, डग ब्रेसवेल और मैट हेनरी को 1-1 विकेट मिला।

### पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 580 रन पर पारी घोषित की

न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन 4 विकेट खोकर 580 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी। श्रीलंका के लिए पहली पारी की शुरुआत खराब रही थी। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। तीसरें दिन की शुरुआत में कप्तान दासुन करुणारत्ने और प्रभात जयसूर्या ने शुरुआत की। एक छोर पर श्रीलंका के कप्तान डंटे रहे। दूसरी ओर टीम के विकेट गिरते ही चले गए। प्रभात जयसूर्या 4, एंजेलो मैथ्यूज 1, दिनेश चांदीमल 37, धनञ्जय दे सिल्वा 0, निशान मधुशंका 19, कसुन रजिथा 0 और असिथा फर्नांडो 0 पर आउट हुए।




*कप्तान करुणारत्ने ने पहली पारी में सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। बॉलिंग में मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल को 3-3 विकेट मिले। वहीं, टिम साउदी, डग ब्रेसवेल और ब्लेयर टिकनर को 1-1 विकेट मिला।*

*न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन और हेनरी निकोल्स ने दोहरे शतक ठोके और 363 रन की विशाल साझेदारी निभाई। विलियमसन ने 215 और निकोल्स ने नाबाद 200 रन की पारी खेली। विलियमसन का यह 28वां टेस्ट शतक था। विलियमसन ने 296 गेंदों में 23 चौकों और दो छक्कों की मदद से 215 रन बनाए। वहीं निकोल्स ने 240 गेंदों पर नाबाद 200 रन में 15 चौके और चार छक्के लगाए। विलियमसन की ये लगातार तीसरी शतकीय पारी है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में और उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी शतक लगाया था।*

प्लेयर ऑफ द सीरीज
केन विलियमसन



पहला मैच पहली पारी 1 रन
दूसरी पारी 121 रन
दूसरा मैच पहली पारी 215 रन

## एक नजर

### स्टीव स्मिथ ने पकड़ा फ्लाइंग कैच

#### टी-20 किंग सूर्यकुमार का लगातार दूसरा गोल्डन डक, स्टार्क के आगे बेबस इंडियन बैटर्स




**विशाखापट्टनम।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया 26 ओवर में 117 रन ही बना सकी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 11वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने फ्लाइंग कैच पकड़ा। मैच के बेस्ट बॉलर स्टार्क को अक्षर पटेल ने लगातार 2 छक्के लगाए। वहीं मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने विस्फोटक बैटिंग कर 118 रन का टारगेट महज 66 बॉल में चेज कर टीम इंडिया को गेंद बाकी रहते सबसे बड़ी हार दी।

#### स्टार्क और पेसर्स के आगे बेबस इंडियन बैटर्स

पहले वनडे में 3 विकेट लेकर भारतीय बैटर्स को परेशान करने वाले मिचेल स्टार्क ने दूसरे मैच में धारदार गेंदबाजी की। पहले ही ओवर में ओपनर शुभमन गिल को शून्य पर पवेलियन भेजने के बाद उन्होंने पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा को भी स्लिप में कैच आउट कराया।

## गोवा की रेस्तरा के तर्ज पर परोसा जा रहा नशा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





नगर में इन दिनों नशा का व्यापार चरम में है। सक्ती शहर नशा सामाग्रीयों का गढ़ बनता जा रहा है नशा से संबंधित हर प्रकार के चिजे आपको आसानी से मिल जाएगी। चाहे वो प्रतिबंधित मेडिकल सामाग्री कोरेक्स, मॉरफ ीन, एलफेक्स हो या गांजा पीने के नाना प्रकार के सामान गंजेड़ीयों को गांजा पीने के लिए चिल्लम, बोंग,और तो और नगर के लगभग सभी पान ठेलो में कैप्टन गोगो या गोगो पेपर आसानी से मुहैया कर बेच रहे हैं।

जिसमे लोग गांजा में बीड़ी मीश्रित कर इस प्रकार के अरबिक कागजों में भर बड़े-बड़े महानगरों के तर्ज पर नशा करते हुए मादक पदार्थों के आदी होते जा रहे हैं। वही शहर के कुछ स्थानो में शराब की पेटीयां ठेका से खरीदकर अपने घरो में ही रख अनाप सनाप दामो में बेचकर नशा के व्यापारी माल छापने में लगे हुए हैं आस पास के ग्रामों से कच्ची महुआ का शराब शहर के लगभग हर कोनो में पहुंचा दिया जा रहा है। जिसे प्लास्टिक की पाऊच में भरकर लोगों को बेचा जा रहा है वही क्षेत्र से लगे ढाबो एवं नगर के होटलों में देशी एवं विदेशी शराब गोवा के रेस्तरां की तर्ज पर नशा परोसा जा रहा है। सक्ती जिला बनने के बाद उच्च अधिकारियों का यहा पोस्टिंग होने पर अवैध नशाखोरी पर पूर्णविराम लगने का अनुमान था पर विपरीत इसके पुलिस प्रशासन पहले मुखदर्शक बनी हुई थी और अब सक्ती जिला बनने के बाद उच्चाधिकारियों के नगर में ही रहने के बावजूद नशा के व्यापार ने विकराल रूप ले लिया है।

## अभिनीत एक्का कुपोषित से हुआ सुपोषित

### नियमित वजन एवं निगरानी के माध्यम से बच्चे के वजन में हुआ सकारात्मक परिवर्तन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन के द्वारा जिले में कुपोषण स्तर में कमी लाने हेतु सतत प्रयास किया जा रहा है। जिले के अधिक कुपोषण स्तर वाले पंचायतो में जनजागरूकता लाने के लिए कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर नियमित ऑगनबाड़ी भेजने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की टीम द्वारा भी बच्चों के परिजनों को कुपोषण से होने वाले नुकसान के बारे में पूरी जानकारी देते हुए बच्चों को नियमित रूप से संतुलित आहार प्रदान करने एवं उन्हें नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की समझाईश दी जा रही है। जिससे बच्चों का उचित देखभाल हो सके





### पर्यवेक्षक एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लगातार गृह भेंट कर पौष्टिक आहार खाने की दी गई समझाईश

एवं वे शीघ्र ही कुपोषण चक्र से बाहर निकल सके। इसी कड़ी में एकीकृत बाल विकास परियोजना मनोरा अंतर्गत सेक्टर पटिया के ऑगनबाड़ी केंद्र सुरजूला 2 में अभिनीत एक्का, पिता त्योफि ल एक्का, माता मुक्तिलता एक्का को कुपोषित से सुपोषित किया गया है। अप्रैल 2022 की स्थिति में अभिनीत एक्का का वजन 7 कि.ग्रा. था। पर्यवेक्षक एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा लगातार गृह भेंट के माध्यम से बच्चे की माता को स्वच्छता, पोषक तत्वों से युक्त आहार, स्थानीय भाजी जैसे मुनगा, मेंढक भाजी एवं फ ल, पपीता, अमरूद खिलाने की समझाईश दी। रेडी टू ईट को भी नियमित खिचड़ी घी आदि के साथ बच्चे को सेवन कराने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चे को बाल संदर्भ योजना का भी लाभ दिलाया गया है। नियमित साप्ताहिक वजन एवं वृद्धि निगरानी के माध्यम से बच्चे के वजन में सकारात्मक परिवर्तन पाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण पाण्डेय के मार्गदर्शन व निगरानी और परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता के अथक प्रयास तथा परिवार की लगन से अभिनीत का वजन धीरे.धीरे बढ़ गया। वर्तमान में अभिनीत सामान्य श्रेणी में है।

# मुख्यमंत्री भक्त माता कर्मा जयंती और सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए

## बघेल ने विडियों कान्फ्रेसिंग के जरिए दतान में 27 जोड़ो को दिया आर्शीवाद

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से बलौदाबाजार भाटापारा जिले केपलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम दतान में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। आदर्श सामूहिक विवाह के अंतर्गत 27 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर वर एवं वधु को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश की बधाई दी एवं उनके सुखमय जीवन की कामना की। विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू,प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू तथा संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल सुश्री शकुंतला साहू छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,साहू समाज जिलाध्यक्ष सुनील साहू कलेक्टर रजत बंसल,पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित समाज के अन्य पदाधिकारी गण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण कार्यक्रम स्थल दतान में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की आजीविका के लिए बहुत सी योजनाएं सरकार के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। सभी इन योजनाओं से लाभ उठाएं। यह रास्ता भक्त माता कर्मा का दिखाया हुआ रास्ता है कि समाज संगठित रहे, स्वस्थ रहे और उनके लिए रोजगार की व्यवस्था हो। हमारी सरकार उनके दिखाए मार्ग में चलकर उनके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा भगवान कृष्ण की बड़ी उपासक थीं। उन्होंने ग्वालियर से चलकर जगन्नाथपुरी तक की यात्रा की। जाति.पाति के भेद के कारण उन्हें मंदिर में प्रवेश करने नहीं दिया गया। तब भक्त माता कर्मा मंदिर के बाहर ही बैठकर भगवान कृष्ण की उपासना करने लगी। उनके कठोर तप का यह परिणाम हुआ कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उनके समक्ष उपस्थित हुए और उनके द्वारा बनाए गए खिचड़ी का भोग किए । उसी दिन से जगन्नाथपुरी में महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग लगाया जाता है और यह परंपरा आज भी चली आ रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि हमारी सरकार ने बहुत से लोक कल्याणकारी निर्णय लिए हैंए उनमें सामाजिक हित में एक निर्णय यह भी है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जोड़ों को 15 हजार रुपए की जो राशि दी जाती थी उसे बढ़ाकर हमारी सरकार ने 25 हजार रुपए किया और अब विधानसभा सत्र के दौरान हमने यह निर्णय लिया है कि आगामी समय में होने वाले सामूहिक विवाह में जोड़ों को 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। अब लोग खर्चीले विवाह को छोड़कर सामूहिक विवाह की ओर उन्मुख होने लगे हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार काम कर रही है। कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई लगातार चल रही है। जिलों के अस्पतालों को मजबूत बनाने का काम हम कर रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का भी संचालन किया जा रहा है। पहली बार हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि हर समाज को 10 प्रतिशत की दर से जमीन उपलब्ध कराई जाएगी और जिन समाजों के पास जमीन है। उन्हें भवन निर्माण के लिए भी राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी दतान और कसडोल के भवन निर्माण के लिए क्रमशः 20 लाख और 50 लाख रुपए की राशि की घोषणा की गई है। इसी प्रकार बलौदा बाजार में हुए कार्यक्रम में विप्र समाज ने पूर्व सांसद डॉ.करुणा शुक्ला की स्मृति में भवन बनाने का निर्णय लिया था जो अब पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रत्येक समाज के लिए सामाजिक भवन हो इस दिशा में भी सरकार प्रयासरत है। सामाजिक गतिविधियों के लिए करोड़ों रुपए पूरे प्रदेश, विधानसभा, जिला, ब्लॉक स्तर पर सामाजिक भवनों के निर्माण के लिए दी,जा रहें है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों की आर्थिक उन्नति के लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है । प्रदेश में जो आवासहीन भाई.बहन हैं। उनके हितों का ध्यान रखते हुए इस बार बजट में 3200 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है जिससे आवासहीन लोगों के लिए भवन का निर्माण किया जाएगा। आगामी 1 अप्रैल से सर्वे कर और आवासहीन लोगों को चिन्हित कर जो पात्र हितग्राहियों को क्रमबद्ध ढंग से भवन स्वीकृत किया जाएगा। रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से नौजवान साथियों को छोटे-छोटे उद्योगों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। शहरों में भी रुरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जगदलपुर जिले के डोंगाघाट में बिजली उत्पादन की पहली इकाई शुरू कर दी गई है और उसे ग्रिड से जोड़ भी दिया गया है। 1 अप्रैल को उसकी पहली बिलिंग होगी जिस का भी भुगतान किया जाएगा।



* मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अब मिलेगी 50 हजार रुपए की राशि
* खर्चीले विवाह को छोड़कर सामूहिक विवाह की ओर बढ़ रहा समाज- मुख्यमंत्री बघेल

# मंत्री परिषद ने लिए निर्णय पर आभार

## ज्ञापित करने हुए पहुंचे प्रदेश भर के जिला पंचायत अध्यक्ष



जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया जिसके तहत 9 बड़े फैसले लिए गए हैं। मंत्री परिषद के इस निर्णय पर प्रदेश भर में हर्ष का माहौल व्याप्त है इसी के चलते प्रदेशभर के करीबन 18 जिला पंचायत अध्यक्ष विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु उपस्थित हुए।

सभी जिला पंचायत अध्यक्षो ने प्रदेश के मुखिया से मुलाकात करते हुए पंचायत सेक्टर के विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराएं और पंचायतों को सशक्त बनाए जाने हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। उक्त अवसर पर भूपेश बघेल द्वारा सभी जिला पंचायत अध्यक्षों को आश्वस्त किया गया कि उनके आवश्यकताओं और मांगों का पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा। और आगे मुख्यमंत्री ने पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। और कई जिला पंचायत अध्यक्षों के कार्यशैली की प्रशंसा भी किए और आगे इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किए।

# नेशनल हाईवे के लुटेरे को बेमेतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



घटना क्रम प्रार्थिया अपने पति के साथ बाईक पर अपने घर बाईक पर अपने घर बिलासपुर जाने के दौरान दोपहर 01 बजे मोटर सायकल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा उपरोक्त घटना स्थल पर लुट करते हुये एक सोना का मंगलसुत्र, एक जोड़ी सोना का कान का टाप्स, एक जोड़ी चांदी का पायल एवं नगद रकम 7,000 रुपये कुल जुमला 57,000 रुपये को लुट कर भाग गया। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध क्रमांक 63/2023 धारा 392,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के द्वारा इस अपराध के पश्चात बिलासपुर में भी मारपीट की घटना कारित कर चार लोग रायपुर वापस आये थे तथा रायपुर में अपने एक साथी को छोड़कर संदिग्ध अवस्था में घुमते पाये जाने पर थाना पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा नियमित चेक गस्त के दौरान तीन लोगों के विरूद्ध धारा 41;1.4, जाफौ, 379,34 भादवि के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया था। विवेचना के दौरान इनके एक आरोपी साथी की पतासाजी कर पकड़ा गया जिससे लूट का माल बरामद कर पुछताछ करने पर उपरोक्त घटना क्रम की विस्तृत जानकारी आरोपी के द्वारा दी गई।सभी आरोपियो के विरूद्ध विधिवत कार्यावाही की जा रही है। शिवम चोटलिया ऊर्फ मख्खी पिता धर्मेन्द्र चोटलिया उम्र 19 साल साकिन चौबे कालोनी जोरा पारा मां किराना स्टोर के पास महराजीन बाडा वार्ड नं. 54 थाना सरकण्डा जिला राजचंदरिया रीवारीव गोडपारा, रितिक गायकवाड पता गंगाबाई घाट शिवा नगर थाना कोतवाली नागपुर महाराष्ट्र।

# 42 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत

**कोरबा** । पुरानी बस्ती में निवासरत एक 42 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत हो जाने की जानकारी मिली हैं। जिसे कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुए कोरबा पुरानी बस्ती कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया हैं।

जानकारी के अनुसार कोरबा पुरानी बस्ती निवासी एक 42 वर्षीय महिला जो बिलासपुर अपने ससुराल में रह रही थी। जिन्हें 15 मार्च को सर्दी-खांसी की शिकायत के बाद स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहाँ कुछ दवाइयां देकर डॉक्टर ने आराम की सलाह दी। दूसरे दिन फिर तबियत बिगड़ने पर बिलासपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के बाद निमोनिया होने के साथ ही ऑक्सीजन लेबल कम होने पर उसे वेंटिलेटर में रखा गया साथ ही कोविड जांच की गई जिसमें कोरोना पॉजिटिव पाया गया।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का सघन दौरा कार्यक्रम एवं बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



भारतीय जनता पार्टी का आज कल बूथ सशक्तिकरण का काम पूरे प्रदेश में चल रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिला के विकास खंड दुलदुला के शक्ति केन्द्र चराईडांड़ में जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा सघन बैठकर भारतीय जनता पार्टी का माहौल बनाने में जूट गये हैं। और राज्य सरकार के जन सेवा में विफलता और केन्द्र सरकार का जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जो जनता को मिल रहा है उसे बताया जा रहा है केन्द्र सरकार का प्रधानमंत्री आवास योजना को विशेष रूप से फोकस किया जा रहा हैं केन्द्र सरकार का यह महत्वपूर्ण योजना छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार का उदासीनता के कारण नहीं मिल रहा है बैठक में जनताओं का उपस्थित बढ़-चढ़ कर देखने को मिल रहा है कई जगह के बैठक में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी स्वस्फूत बैठक में भाग ले रहे हैं और कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं इसी क्रम में चराईडांड़ शक्ति केन्द्र में बूथ क्रमाक 107 का बैठक रखा था जिसमें लोगों का खचाखच भीड़ दिखा बैठक का संचालन शक्ति केन्द्र संयोजक रामलाल राम के द्वारा किया गया तथा उद्बोधन शक्ति केन्द्र प्रभारी मनबहाल निराला के द्वारा किया गया बैठक में विशेष रुप से अल्पकालिक विस्तारक उमा देवी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पारशनाथ मिश्र एवं शक्ति केन्द्र के सभी पदाधिकारी तथा सैकड़ों भा ज पा कार्यकर्ता उपस्थित हुए बैठक में तीन कांग्रेसी कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी स्वेक्षा से प्रवेश किये जिसे भाजपा के वरिष्ठ लोग फूल माला पहनाकर तथा भा ज पा गमछा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया नव प्रवेश कार्यकर्ता भी खुशी महसूस करते देखा गया।

# अब तक 07 शिविर के माध्यम से 129 लोगों ने किया रक्तदान

* सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहा रक्तदान शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



*जिले में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित*

* *जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वेच्छा से आगे आ रहे आम नागरिक युवा और महिलाएं*
* *जिला प्रशासन की अभिनव पहल*

जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के सार्थक प्रयास से जशपुर जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित किए गए हैं और 12 शिविर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिनमें से 07 शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जरूरतमंद और गंभीर मरीजों को तत्काल खून की व्यवस्था करवाने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग आम नागरिक, युवा, महिलाएं बढ़-चढ़कर कर रही है और शिविर में आकर स्वेच्छा से रक्तदान कर रहें हैं। अब तक जशपुर जिले में सबसे ज्यादा रक्तदान करके लोगों की सहायता की गई है। कलेक्टर ने भी अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए भी स्वेच्छा से रक्तदान शिविर में अपना सहयोग दे, ताकि मरीजों को समय पर ब्लड उपलब्ध कराया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 07 शिविर के माध्यम से 129 लोगों ने रक्तदान किया है। इसी प्रकार बगीचा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 28 मार्चए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में 06 अप्रैल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार में 08 अप्रैल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना में 21 मार्च एवं 11 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

# अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर की खुदखुशी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नवागढ़ क्षेत्र का एक दिल दहला देने वाले खबरे निकलकर सामने आ रही जहा प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नांदल का एक युवक दिलीप साहू पिता अघनु साहू ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किए नवागढ़ पुलिस जांच में जुटी।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट के 37 लिपिकों के बदले प्रभार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से राजस्व स्थापना अंतर्गत जिला मुख्यालय रायगढ़ के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में पदस्थ 37 कर्मचारियों को आगामी आदेश पर्यन्त नवीन पदस्थापना में कार्य करने हेतु आदेश जारी किया है। इनमें सहायक अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार पण्डा को अपने कार्यों के साथ-साथ जिला कार्यालय के भू-अर्जन शाखा में पदस्थ किया गया है। इसी तरह सहायक ग्रेड-2 सुरेश लक्ष्मे को रीडर अपर कलेक्टर-01 (एस) (पदस्थापना परिवर्तन), सहायक ग्रेड-2 जीवधन डनसेना को संलग्नीकरण समाप्त करते हुए पूर्ववत खाद्य शाखा, सहायक ग्रेड-2 गौरी श्रीवास्तव को शिकायत/ सामा. अभि.कोष्ठ/पासपोर्ट शाखा, सहायक ग्रेड-2 श्री सत्येन्द्र मेहर को कलेक्टर रीडर, सहायक ग्रेड-2 श्री रामदयाल पटेल को वित्त स्थापना, सहायक ग्रेड-2 रमाकांत स्वर्णकार को सहायक अधीक्षक (रा.), सहायक ग्रेड-2 सूरज कुमार खर्रा को कलेक्टर स्टेनो-01, सहायक ग्रेड-2 गोविन्द राम परधान को खाद्य शाखा, सहायक ग्रेड-2 राजकुमार सिदार को जिला कार्यालय रायगढ़ सूचना का अधिकार शाखा/ जनगणना/बीस सूत्रीय, सहायक ग्रेड-2 श्रीमती जानकी यादव को वरिष्ठ लिपिक/शास.आवास गृह आबंटन, सहायक ग्रेड-2 पदमा देवांगन को अतिरिक्त वरिष्ठ लिपिक, सहायक ग्रेड-2 डीकाराम शेष को राजस्व लेखापाल/राजस्व आपदा शाखा, सहायक ग्रेड-2 सुश्री मधुबाला उके को अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ (पदस्थापना परिवर्तन), सहायक ग्रेड-2 हेमप्रसाद साव को जिला नाजिर, स्टेनोग्राफर वर्ग-2 संदीप कुमार यादव को कलेक्टर स्टेनो-2, सहायक ग्रेड-3 मुकेश कुमार को सहायक भू-अर्जन शाखा के कार्यों के साथ वित्त लेखा/देयक लिपिक के सहयोग, सहायक ग्रेड-3 श्री विनोद कुमार साहू को राजस्व लेखापाल के सहायक बनाये गये है।

सहायक ग्रेड-3 उमेश कुमार यादव को विभागीय जांच/न्यायिक लिपिक के सहायक, सहायक ग्रेड-3 श्री कुलदीप खैरवार को अपने कार्यों के साथ-साथ पुरातत्व एवं संस्कृति/पर्यटन, सहायक ग्रेड-3 बेरनार्ड एक्का को लायसेंस शाखा का संपूर्ण प्रभार एवं समय-समय पर स्थापना लिपिक के सहयोग, सहायक ग्रेड-3 रूपेश कंवर को सहायक शिकायत शाखा का प्रभार दिया गया है। इसी तरह सहायक ग्रेड-3 कु.रेखा ध्रुवे को सहायक रीडर अपर कलेक्टर-01 (एस.),सहायक ग्रेड-3 कु.सुनिता लकड़ा को व्यवहारवाद/सोलेशियम फण्ड/अ.अ.ऊ.के कार्यों के साथ-साथ सहायक अधीक्षक (रा.)के सहायक, सहायक ग्रेड-3 कु.फ्रांसिस्का खलखो को सहायक वरिष्ठ लिपिक साथ-साथ चिटफंड शाखा, सहायक ग्रेड-3 प्रशांत कुमार पण्डा को समय-सीमा/अधीक्षक शाखा/ प्रपत्र लिपिक, सहायक ग्रेड-3 कलेश्वर चौहान को सहायक वित्त लेखा/देयक लिपिक, सहायक ग्रेड-3 कु.अनिता महंत को तहसील कार्यालय रायगढ़, सहायक ग्रेड-3 विरेन्द्र कुमार राठिया को रीडर न्यायालय अपर कलेक्टर-2 (आर),सहायक ग्रेड-3 रामप्रसाद सिदार को तहसील कार्यालय रायगढ़ (पदस्थापना परिवर्तन), सहायक ग्रेड-3 प्रदीप राठिया को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ लोक सेवा गारंटी शाखा, सहायक ग्रेड-3 आनंद ठेठवार को कलेक्टर रीडर के सहायक/राजस्व मोहर्रिर, स्टेनोटायपिस्ट श्रीमती वंदना झरिया को कार्यवाही विवरण अपर कलेक्टर स्टेनो (आर.), स्टेनोटायपिस्ट अल्पा बेहरा को स्टेनो टू एडीएम, स्टेनोटायपिस्ट श्री राजेश सिंह कंवर को अवकाश रक्षित, सहायक ग्रेड-3 कु.दीपा कश्यप को कलेक्टर जनदर्शन/मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन/जनसंवाद (पदस्थापना परिवर्तन)एवं सहायक ग्रेड-3 श्रीमती मीना देवांगन को आवक शाखा जिला कार्यालय (पदस्थापना परिवर्तन)के पद पर पदस्थ किया गया है।

# पंचायत सचिवों का एक सूत्री मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण को लेकर हड़ताल लगातार जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष कामदा प्रसाद अम्बेडकर ने सारंगढ़ के धरना स्थल से बताया कि हमारी एक ही मांग है कि दो वर्ष परीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण किया जाए। इसी को लेकर हम लोग 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। यही नहीं पूरे प्रदेश स्तरीय आवाहन है इसमें जब तक सरकार अपनी किये वायदे को नहीं निभाएगी तब तक हमारी मांग इसी तरह चलता रहेगा बल्कि आगे और उग्र होगा। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत सचिव संघ सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिलाध्यक्ष बलभद्र पटेल ने बताया कि पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी, रिपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य, मनरेगा के कार्य, जन्म-मृत्यु पंजीयनए, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतगर्त वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, सामाजिक पेंशन, सुखद सहारा पेंशन ऐसे तमाम योजनाओं को प्रभावित हो रहे है जिसके कारण सरकार को किये वायदे को पूरा करने की जरूरत है और पूरा करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायतों के सचिव 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों का कहना है कि दो साल की परीक्षा अवधि के बाद शासकीयकरण करने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार वादा कर भूल गई है। अन्य कर्मचारियों को जो लाभ मिल रहे हैं पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, ग्रेच्युटी वह सब उन्हें भी मिलना चाहिए। इसे लेकर कई बार ज्ञापन दिया। वार्ता हुई, लेकिन आश्वासन से आगे बात नहीं बढ़ी। सारंगढ़ के पत्रकार दिनेश जोल्हे की एक इन्टरवीव मे प्रदेश के उपाध्यक्ष कामदा प्रसाद अम्बेडकर एवं ग्राम पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को बताया कि प्रदेश में 27 सालों से 10000 से भी अधिक पंचायत सचिव अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ग्रामीण अंचल में शासन के समस्त योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचे इसके लिए जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। इसके बाद भी शासकीयकरण का वादा अभी तक पूरा नहीं किया गया है। जबकि शासन प्रशासन को कई बार संगठन ज्ञापन सौंप चुका है। छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत सचिव के जिलाध्यक्ष सारंगढ़ ने बताया कि हमारी एक ही मांग है कि दो वर्ष परीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण किया जाए। इसी को लेकर हम लोग 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पिछले 27 सालों से हमारी यह मांग चल रही है। मांगे पूरी नहीं होने पर संगठन के निर्णय अनुसार आगे काम किया जाएगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# सूअर फार्म की गन्दगी से बना ग्रामीणों के स्वास्थ्य को खतरा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

बस्ती के बीचों-बीच सुअर फार्म के गन्दगी से परेशान ग्रामीण सूअर फार्म को बंद करवाने को लेकर लामबंद जिसमें देख पा रहे हैं की ग्रामीण एसडीएम कार्यालय दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है सूअर फार्म के मालिक के द्वारा खुले में सुअर के मल मूत्र को छोड़ देने से गांव वाले को दुर्गंध के कारण सांस लेने में भारी परेशानी के साथ लोगों का स्वास्थ्य का खतरा बना है। जिसको गांव से दूर करवाने व तत्काल बंद करवाने के लिए पूर्व में अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। उक्त मामला जशपुर जिले के पत्थलगांव से लगे पालीडीह कलस्टर ग्राम का है जिसमें अधिकांश अनुसूचित जनजाति आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं। यह मामला उस गांव का जिस गांव को भूपेश सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ने के सपने संजो कर भारी भरकम राशि प्रदान किए जहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गौठान मेंरोजगार के लिए करोड़ों के राशी प्रदान किए हैं। हालांकि इस मामले ग्रामीणों का कहना है की अनुशासित अधिकारी सुचना पाते ही दल बल के साथ मौके के जांच में सुअर फॉर्म पहुंच गए। जिसके बाद फार्म के मालिक को जल्द से जल्द खुले में मल मूत्र से बहने वाली नाली को ढकने के निर्देश दिए गए लेकिन महीनों बीत जानें के बाद भी सूअर फार्म के मालिक के द्वारा न नाली ढका गया न हटने को तैयार जिसमें उचित कारवाही नही होने के बात ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों तथा आवेदक ने उक्त मामले को ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर आवेदन तैयार कर जिला दंडाधिकारी जशपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं।

लेकिन सवाल यह है की जहां गांव को निर्मल गांव कहा जाता है जहां लोग शहरों से दूर गांव के स्वच्छ फिजा में हवा खाने भीगे भागे आते रहना बसना पसंद करने लगे हैं। लेकिन क्या मल मूत्र से हवा मे दुर्गन्ध से जहर घोलने जैसे संस्थान प्रतिष्ठान को बंद करवाने के बजाय आखिर कैसे रसूखदार पैसे वालों को गांव के बीचोबिच सुअर फार्म पोल्ट्री फार्म राइस मिल जैस संस्थानों की अनुमति प्रशासन दे देती है। यह एक सवालिया निशान है। और अगर जायज नजाय तरीके से अनुमती मिल भी जाती है तो उसपर प्रकाश डालने के बाद भी क्यों आम जनता के फरियाद को नजर अंदाज कर उनके संविधानिक अधिकारों पर प्रहार किया जाता है।

## एक नजर

### निर्धारित राजस्व लक्ष्य मुद्रांक एवं पंजीयन प्राप्त करने अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य (मुद्रांक एवं पंजीयन) आय शासन को अधिक से अधिक राजस्व प्रदाय करने के उद्देश्य के साथ ही जनसुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय को खुले रहने के निर्देश दिए है। जिसके तहत शासकीय अवकाश 25 मार्च शनिवार, 26 मार्च रविवार एवं 30 मार्च 2023 गुरूवार रामनवमी के दिनों में भी उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

इसी तरह माह मार्च 2023 के अंतिम सप्ताह में 30 एवं 31 मार्च को स्टाम्प व्हेन्डरों को कोषालय/उप कोषालय से स्टाम्प इश्यू कराया जाएगा। संबंधित भारतीय स्टेट बैंक को माह के अंतिम दिन 31 मार्च 2023 जैसी स्थिति हो देर रात्रि अर्थात रात्रि 10 बजे तक पंजीयन विभाग के चालान लिए जाने निर्देशित किया गया है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर कलेक्टर दर से होगी अस्थायी नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर कलेक्टर दर से अस्थायी नियुक्ति किए जाने संबंधी विभिन्न पदों को सम्मिलित करते हुए 27 पदों की पूर्ति हेतु जानकारी ऑनलाईन गूगल फार्म के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी के संबंध में समस्त दिशा-निर्देश जिला के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### सिंचाई के लिए भू-जल के लगातार उपयोग से गिर रहा भू-जल स्तर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वर्षा आधारित कृषि में सिंचाई की समुचित व्यवस्था बहुत आवश्यक है। ताकि फसलों को आवश्यकतानुसार मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जा सके। सिंचाई के लिए अधिकतर भू-जल पर ही निर्भरता होती है। लेकिन लगातार भू-जल का दोहन और सिंचाई के साथ अन्य प्रयोजनों के लिए उनका उपयोग भू-जल स्तर को नीचे गिरा रहा है। जिससे गर्मी के मौसम में कई स्थानों में पेयजल की समस्या भी बड़े पैमाने पर उभर के सामने आती है। जिससे निपटने में ऐसी व्यवस्थाएं जरूरी हैं जो दीर्घकाल तक भू-जल को रिचार्ज करने का स्थायी समाधान दे। जिले में केलो परियोजना और उससे निर्मित नहरों का जाल इस दिशा में काफी कारगर साबित होंगे। सिंचाई, पेयजल और निस्तार के साथ ग्राउंड वाटर रिचार्ज जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति के लिए सिंचाई विभाग केलो परियोजना का काम पूरी तेजी से पूर्ण करवाने में लगा हुआ है।

कार्यपालन अभियंता पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ समय में विकासखण्ड पुसौर एवं बरमकेला में भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट देखने को मिला है। इस वर्ष विकासखण्ड पुसौर में औसत भू-जल स्तर 26.5 मी.एवं अधिकतम भू-जल स्तर 85 मी.तक जा चुका है। विकासखंड बरमकेला में औसत भू-जल स्तर 28.6 मी.एवं अधिकतम भू-जल स्तर 135 मी. तक जा चुका है। भू-जल स्तर गिरने से विकासखंड पुसौर में लगभग 118 हैण्डपंप एवं बरमकेला में 400 हैण्डपंप बंद हो चुके है। उन्होंने कहा कि इन विकासखण्डों में भू-जल स्तर की वृद्धि के लिये सतही स्त्रोत आधारित सिंचाई की व्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी है। इससे सिंचाई हेतु भू-जल का उपयोग कम होगा एवं भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। बारिश का पानी प्राकृतिक रूप से हमे मिलता है। जिसका यदि समुचित प्रबंधन किया जाए तो वह मुश्किल समय में बड़े काम आता है। बांधों का निर्माण इस उद्देश्य से ही किया जाता है कि बारिश के अतिरिक्त जल को व्यर्थ बहने से रोककर उसे संचय किया जा सके। जिसे बाद में नहरों के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए दिया जा सके। केलो परियोजना के तहत नहरों का निर्माण भी इसी उद्देश्य से किया जा रहा है। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी तो मिले ही साथ ही इस पूरे क्षेत्र में ग्राउंड वाटर लेवल भी रिचार्ज होता रहे। जिससे आने वाले समय में भू-जल स्तर को मेंटेन कर के रखा जा सके।

## वार्षिक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी सपन्न



**रायपुर।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी, सत्यम विहार शाखा में 18 मार्च को शाला के विभिन्न कक्षा स्तरों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुए, साथ ही वार्षिक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी भी सपन्न हुआ। पिछले सत्र के उत्कृष्टता प्राप्त छात्रों को पारितोशिक वितरित करते हुए विदा किया गया। पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण डॉ. एस.के. पाण्डेय (पूर्व कुलपति रविवि रायपुर) और डॉ. अजित कुमार, श्रीमती नीलिमा मिश्रा, पूर्वा पाण्डेय तथा शाला प्राचार्य के हाथों सपन्न हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा अगले सत्र के लिए पूरे हर्षोल्लास व जोष के साथ नए सत्र में उपस्थित होने का आग्रह किया गया।

## डॉ. नरेश कुमार जोशी,कला कौशल सुरगम्य साहित्य रत्न सम्मान में सम्मानित हुये

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



राष्ट्रीय जन कवि सम्मेलन में एक मुस्कान काव्य संग्रह का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जहां उत्कृष्ट हिंदी काव्य लेखन पर आयोजन व विमोचन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें संपादक मणीशंकर दिवाकर अधिवक्ता गदगद हास्य व सह संपादक डिजेंद्र कुर्रे कोहिनूर, महासमुंद, रमेश कुमार, रसिय्यार,

जिला बेमेतरा के द्वारा राष्ट्रीय साझा पर कला कौशल सुरगम्य साहित्य रत्न से सम्मान 2023 के एक बुक व साल श्रीफल देकर उनके उज्जवल भविष्य की सुखद कामना। एक मुस्कान के सभी साहित्यकारों ने डॉ. नरेश जोशी भटगांव कल्याणपुर जिला बालोद वाले को अनंत हार्दिक बधाई उनका पहला कदम है। ईस साहित्य क्षेत्र में जिनके कविता रचना दैनिक समाचार पत्रों में कविता प्रकाशित होती रहती है। जिसका हम सब पाठको आनंद लेते रहते है साथ में सभी उनके गुरूजनों, मित्रों, साहित्यकार साथियों रमेश भास्कर, गुरू दयाल कुर्रे,अधिवक्ता,राजेश कुमार मिरे अधिवक्ता,करण गेणड्रे अधिवक्ता,महेंद्र प्रताप सिंह अधिवक्ता, राजा लाल बंजारे, कमल मानदेय अधिवक्ता, उमाशंकर उमाशंकर पत्रकार, जुगेश बंजारे,धीरज अश्वनी कुमार दिवाकर, डॉ.एच पी दिवाकर, सेवक दिवाकर, महेंश दिवाकर, महेंद्र दिवाकर, सुनील दिवाकर अनिल दिवाकर,परिवार के अन्य सदस्यों ने ढ़ेरों शुभकामनाएं देकर हार्दिक बधाई दियें उक्त जानकारी मणिशंकर दिवाकर अधिवक्ता गदगद ने दी द्वारा दी गई।



## स्वास्थ्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गम्भीरता पूर्वक करें कार्य-कलेक्टर

*कार्य में लापरवाही पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक को नोटिस जारी * जिला स्वास्थ्य मिशन तथा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न*

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य मिशन तथा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सेंगर सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर लंगेह ने जिले में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूरा किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो इसका ध्यान रखें। बैठक में लंगेह ने कहा कि बीएमओ गम्भीरतापूर्वक कार्य करें, स्वास्थ्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक जिला मुख्यालय में ही निवास करें, ताकि आपात स्थिति में कोई समस्या ना हो। कलेक्टर लंगेह ने इस दौरान जिला अस्पताल में ओपोडी, ऑपरेशन, एक्सरे, सोनोग्राफी, डायलिसिस, लैब टेस्ट तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जिले में कुपोषित बच्चों की जानकारी ली तथा पोषण पुनर्वास केंद्रो में भर्ती किए जाने निर्देशित किया। इस दौरान टीकाकरण, एनसी पंजीयन, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक,हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सतत मॉनिटरिंग, संस्थागत प्रसव की जानकारी ली गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रमए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सभी कार्यक्रमों में जिला स्तर के नोडल अधिकारी नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, हाट बाजार क्लीनिक से लाभान्वित की संख्या मे बढ़ोतरी करें।



### कार्य में लापरवाही पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक को नोटिस जारी

कलेक्टर लंगेह ने कार्यों की समीक्षा का दौरान लापरवाही संज्ञान में आने पर विकासखण्ड सोनहत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोडार के ग्रामीण चिकित्सा सहायक ओमप्रकाश यादव को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने नोटिस जारी किए जाने तथा वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

## आजादी की अमृत महोत्सव के तहत जिले में चलेगा वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान-लंगेह

### अमृत सरोवरों के साथ ही नदियों के संरक्षण, संवर्धन व वनीकरण के लिए होंगी वृहद गतिविधियां

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राकृतिक जल स्रोत नदियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार आगामी माह से ही वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान प्रारंभ कराया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियान कोरिया जिले में भी प्रारंभ कराया जाएगा। इस महाभियान की आवश्यक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिले के कलेक्टर विनय लंगेह ने बताया कि नदियों के प्रवाह को बारहमासी बनाए रखने के लिए यह चरणबद्ध कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन से नदी के आस-पास हरियाली में वृद्धि होगी और वातावरण में बढ़ते तापमान को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान की आगामी गतिविधियों के संबंध में लंगेह ने बताया कि सबसे पहले मार्च अप्रैल माह में इस महाभियान के बारे में जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन की गतिविधियां प्रारंभ कराई जाएंगी। इसके साथ ही सोसल मीडिया में भी केंपेन चलाया जाएगा। आगामी मई माह में नदियों के तट पर और अन्य रिक्त पड़े स्थानों में पौधारोपण कर वनक्षेत्र का विकास करने के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इससे प्रत्येक ग्रामीण को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उसके पष्चात विभिन्न विभागों के सहयोग से चिन्हांकित स्थलों पर वनीकरण के उद्देश्य से आवष्यक तैयारियां जैसे पौधां का चयनए गड्ढों की तैयारी पूरी कराई जाएगी। कलेक्टर कोरिया ने आगे बताया कि जुलाई और अगस्त माह में वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान के तहत अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए सभी




जगहों पर और ग्राम पंचायत के नदी तटों पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महाअभियान की गतिविधियों को अमृत सरोवरों के साथ साथ समन्वय के साथ चलाया जाएगा। इन सभी गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही सभी गतिविधियों को आजादी के अमृत महोत्सव की गतिविधियों की तरह ऑनलाइन गूगल अपलोड करने की कार्यवाही भी कराई जाएगी। कलेक्टर लंगेह ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान के लिए सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

## एमसीबी जिले के रीपा गौठानों में अधोसंरचनाओं के निर्माण का सीइओ जिला पंचायत ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जनपद पंचायत के अंतर्गत दो दो ग्राम गौठानों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाए जा रहे हैं। आगामी 25 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करकमलों से पूरे प्रदेश के सभी महात्मा गांधी रीपा केंद्र का औपचारिक शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन के मद्देनजर गत दिवस जिला पंचायत कोरिया की मुख्यकार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने एमसीबी जिले के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया और कार्य प्रगति का अवलोकन कर संबंधितों को आवष्यक दिषा निर्देष प्रदान किए। रविवार को जिला पंचायत सीइओ जैन ने मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पिपरिया और ग्राम पंचायत परसगढ़ी में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के निर्माण कार्यों के प्रगति का अवलोकन किया। यहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी को समस्त कार्य 24 मार्च के पहले ही गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देष दिए। ग्रामीण औद्योगिक पार्क में जिन गतिविधियों को व्यवसायिक तौर पर प्रारंभ किया जाना है उसकी समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि प्रत्येक स्व सहायता समूह के सदस्यों का आवश्यक प्रषिक्षण पूरा कराया जा चुका है। उन्हें अपने कार्यों के प्रति पूरी तरह से प्रायोगिक प्रषिक्षण भी करा लें ताकि प्रारंभ के साथ ही सभी गतिविधियों को सुचारू ढंग से नियोजित किया जा सके। इसके बाद सीइओ जिला पंचायत कोरिया ने ग्राम पंचायत परसगढ़ी में निर्माणाधीन ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन किया और सभी संबंधितों को आव,यक निर्देष प्रदान किए। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी रघुनाथ राम तथा सभी संबंधित अधिकारी और बिहान से जुड़े हुए जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विदित हो कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से कोरिया एंव एमसीबी जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत जिन गौठानों मे व्यवसायिक गतिविधियों को आरंभ किया जा रहा है उनमें ग्राम पंचायत पिपरिया में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा फलाई एश ब्रिक्स निर्माण, पेवर ब्लाक निर्माण, सीमेंट पोल निर्माण यूनिट, सीमेंट गमला निर्माण, फेब्रिकेशन निर्माण, नर्सरी विकास के साथ ही बाड़ी विकास व मुर्गी पालन कार्य को व्यवसायिक तौर पर किया जाना है।

इनमें से कुछ गतिविधियों को पहले से ही प्रारंभ किया गया है। वहीं अन्य निर्माण कार्य 25 मार्च से प्रारंभ हो जाएंगे। इसी तरह परसगढ़ी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा झाड़ू निर्माण कार्य, कपड़े के बैग, पेपर बैग, पेपर कप पेपर नैपकिन, सूजी, आटा एसेवई जैसे अनेक खाद्य उत्पाद तथा पापड़ आदि का निर्माण कार्य व्यवसायिक तौर पर करने की योजना है। पिपरिया और परसगढ़ी गौठानां के अवलोकन के बाद जिला पंचायत सीइओ ने ग्राम पंचायत कठौतिया के ग्राम गौठान का निरीक्षण भी किया। यहां उन्होने स्व सहायता समूहों द्वारा खरीदे जा रहे गोबर और उससे बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट कार्य का अवलोकन कर महिलाओं से बात की। उन्होने कम वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन पर ध्यान देकर वर्मी कंपोस्ट उत्पादन कार्य को और तेज करने के निर्देश दिए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विधायक लालजीत का जन्मदिन

## रितुराज के नेतृत्व में निकाली गई विशाल बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।





धरमजयगढ़ विधायक व मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लालजीत राठिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार व स्थानीय जनता की ओर से उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी गई। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत के जन्मदिन 19 मार्च को विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस परिवार व उनके ग्रामीण समर्थकों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कर खुशियां साझा की गईं। इस सुअवसर पर धरमजयगढ़ विधायक निवास में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितुराज सिंह ठाकुर की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ विधायक लालजीत राठिया का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर रितुराज सिंह ने कहा कि विधायक लालजीत क्षेत्र में विकास व विश्वास का पर्याय बन गए हैं। रितुराज ने कहा विधायक महोदय ने जो कहा वो कर के दिखाया है। अध्यक्ष ने कहा कि राजनीति की हर कसौटी पर विधायक लालजीत खरे उतरे हैं और उनकी लोकप्रियता इस बात की परिचायक है। उन्होंने कहा कि विधायक महोदय के नेतृत्व में धरमजयगढ़ विधानसभा लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के कार्य को वे जमीनी स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भी विधायक महोदय के नेतृत्व में विकास के नए आयाम गढ़े जाएंगे। बता दें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीते रविवार को तय समय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व वरिष्ठ पदाधिकारी विधायक निवास पहुंचे। जहां से एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान आतिशबाजी व विधायक के सम्मान में लगाए जा रहे गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। बता दें कि रविवार को धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया का जन्मदिन उनके कार्यकर्ताओं व चाहने वालों ने हर्ष उल्लास व उत्साह के साथ विधानसभा के कोने कोने में धूमधाम से मनाया। इस शुभ अवसर पर सर्वप्रथम ? अमृतेश्वर मंदिर वृन्दावन में कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर उनके दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात शाम को धरमजयगढ़ में ब्लॉक् अध्यक्ष रितुराज ठाकुर व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर साहू के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली निकाली गई। जो विधायक निवास से शुरू होकर गाँधी चौक, बस स्टैंण्ड, जय स्तम्भ चौक, नीचे पारा, राजीव गाँधी चौक, पीपरमार चौक से होते हुए पुरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस विधायक निवास पहुंची। इस दौरान जगह जगह कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं, शाम को विधायक निवास में वरिष्ठ जन की उपस्तिथि में केक काटकर विधायक लालजीत राठिया का जन्मदिन मनाया गया। नगर में निकली बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी शामिल हुए। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मालती राठिया, ओंकार सिंह राठिया, जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, निशिकांत अग्निहोत्री, नीलाम्बर राठिया, घसिया राम राठिया, संजय अग्रवाल, राजकुमार मिश्रा, विद्याधर डनसेना, सुखनाथ पटेल, पवन अग्रवाल, सुरेश किसपोट्टा, श्याम साहू, संतोष प्रधान, दिलीप सारथी, अर्जुन क्षत्रिय, प्रेम डनसेना, दिनेश बेहरा, भवानी सोनी, अखिलेश जैकब, रामसिंह राठिया, प्रकाश भगत, रोहित तिर्की, भगवान सिंह, मेराज, राफेल टोप्पो, ताम्रध्वज नायक, संतोष पाण्डेय, राजेश पटैल, जिला बाई राठिया, शिमला राठिया, मानमोती राठिया, जानकी राठिया, जनक राठिया, नंदू राठिया, अंगूर राठिया, सुरेश यादव, रजनीकांत तिवारी, नीरज ठाकुर, फैज़, सत्पुरष महर्षि, कमर रजा, अमित मण्डल, रोहित बेहरा, रोहित यादव, समय अग्रवाल, इंजोर दास, बजरंग अग्रवाल, रामनरेश पाठक, डी एल ग्वालवंशी, गोपाल राव, रिपु पाण्डेय, हितेश भट्ट, अश्वनी चंद्रा, मयाराम, घनश्याम सिदार, मुकेश यादव,कुमार सिंह, जोतराम, घूरबिंद दास, लालू यादव,रामेश्वर, प्रहलाद, नकुल, प्रसन्न देव, विशाल, पारस, राजकुमार पटेल, प्रकाश नेताम, अनिल राठिया, मुकेश, पुरषोत्तम,राजा मल्लिक, सुमित टोप्पो, गुर्जेन्ट सिंह, प्रकाश यादव, शाबिर खान, सुमित राठिया, तुषार कश्यप, विकास यादव, हेमंत साव, विपिन द्विवेदी, अभिमन्यु सारथी, आकाश महंत, करण पाण्डेय, दिनेश राठिया, प्रभात तिर्की, अजय साहू, टेकराम पटेल, राहुल सारथी, बसंत यादव, पंकज यादव, पंकज महंत, मनोहर, गिरजा, सूरज, नरेश व बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पूर्णिमा हॉस्पिटल को नवागढ़ स्वास्थ विभाग और राजस्व विभाग ने किया शील

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



नवागढ़ स्वास्थ विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त दबिश अवैध तरीके से संचालित हो रहा था पूर्णिमा हॉस्पिटल को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. रजा व नवागढ़ तहसीलदार केशव प्रसाद वासनिक ने सयुक्त कार्यवाही कर किया गया शील।

### बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना बेमेतरा स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 8268/15 धारा 138 एनआई एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी तारण साहू पिता कार्तिक राम साहू उम्र 44 साल साकिन बालसमुंद थाना व जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को 20 मार्च 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक शिव कुमार सेन एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

# छाल पुलिस ने जनचौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



आज पुलिस अधीक्षक के आदेश के परिपालन में एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बीएस डहरिया हमराह प्र.आर. महेंद्र कर्ष आर.गोविंद बनर्जी, हरेंद्रपाल जगत द्वारा थाना छाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनहर , पुरूंगा में जन चौपाल लगाया गया। जन चौपाल में ग्राम बनहर के सरपंच शैल कुमारी, ग्राम पटेल राजेंद्र राठिया, कन्या कुमारी पंच, वृद्धि शंकर पंच, ग्राम कोटवार शिवदास महंत एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं पुरुष एवं बच्चे, बुजुर्ग लगभग 30 40 की संख्या में एवं ग्राम पुरूंगा में 40 से 50 लोग उपस्थित रहे। जिन्हें थाना प्रभारी छाल द्वारा सभी उपस्थित लोगों को महिला संबंधित अपराध, बैंकिंग फ्रॉड, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध, तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देकर अपराध से बचाव के तरीकों एवं समझाइश दिया गया। साथ ही सुरक्षित यातायात हेतु वाहन चलाने के दौरान ओवर स्पीड से बचने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन नही देने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इसी प्रकार अपराधों से दूर रहने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने कानून का पालन करने, तथा गांव में आने वाले बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों व उनके गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दिए जाने हेतु समझाइश दी गई।




ग्राम बनहर व पुरूंगा के ग्रामीणों से गांव के रहन सहन के संबंध में पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने गांव में शराब बनने व बिक्री होने की जानकारी देने पर थाना प्रभारी द्वारा महिला समिति को गांव में शराब बंद करने की सलाह देकर थाना में सूचना देने की सलाह दी गई तथा शराब बिक्री करने वाले के ऊपर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।

# विधानसभा क्षेत्र में 140 करोड़ की 41 सड़कें प्रस्तावित

## विधायक लालजीत के सवाल पर कृषि मंत्री ने दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लालजीत राठिया जमीनी स्तर पर कार्य करने के साथ साथ विधानसभा में भी क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रश्न पूछ रहे हैं। बता दें कि वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान अब तक विधायक लालजीत राठिया विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर सवाल किए हैं। इस कड़ी में उन्होंने एक बार फिर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री योजना की सड़कों, उनकी वर्तमान स्थिति व नवीन प्रस्तावित सड़कों के बारे में सवाल पूछा है। विधायक लालजीत के इस सवाल का जवाब देते हुए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने बताया किधरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 09 सड़कें तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 142 सड़कें सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया उनमें से कोई भी सड़क जर्जर हालत में नहीं है। वहीं, विधायक के, मुख्यमंत्री ग्राम व सड़क विकास योजना अंतर्गत नवीन प्रस्तावित सड़कों के, सवाल पर डेटा संलग्न कर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम व सड़क विकास योजना अंतर्गत करीब 140 करोड़ रुपए से अधिक के लागत की 41 सड़कें प्रस्तावित हैं। इन 41 सड़कों में काफरमार भुंडीबहरी से महराजगंज मार्ग 8 किमी, छाल से कांसाबहार 4 किमी, बन हर से तुमकुड़ा 4 किमी, कटाईपाली से पुसलदा, बोजिया से चितापाली, सिंगी झाप से देउरमार, घरघोड़ा ब्लॉक में भेंड्रा से कपाटडेरा, औरानारा से वृंदावन, डोंगाभौना से लोटान कटाईपाली, हाटी से जामपाली सहित 31 अन्य मार्ग प्रस्तावित हैं। इस तरह कुल 170.40 किमी लंबी इन 41 सड़कों का निर्माण 140 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाना है।

# सूने मकान से 70 हजार नगद व कीमती सामानों की चोरी

## मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

**कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत पखनाकोट गांव के एक सूने मकान में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर करीब 70 हजार रुपए नगद व अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली है। वहीं, इस घटना की सूचना पर कापू पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**




इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ललीत सारथी पिता तेजराम सारर्थी उम्र 42 वर्ष निवासी पखनाकोट थाना कापू ने आकर एक लिखित आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया। जिसमें कहा गया कि बीते दिनांक 18 मार्च को अपनी पत्नी के साथ गुतुरूमा शादी में गये थे। इस दौरान सबेरे मेरा मझला भाई फोन करके बताया की रात्रि अपके घर में कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड कर चोरी कर ले गया। इस संबंध में प्रार्थी के आवेदन पत्र की अवलोकन पर धारा 457,380 भादवि.का अपराध पाये जाने पर कापू पुलिस द्वारा इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस घटना के बारे में प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि बीते दिनांक 18 मार्च को दोपहर में मेरी पत्नी सावित्री सारथी रिस्तेदारी में शादी में गये थे। मेरा छोटा भाई मंजीत सारथी भी अपनी पत्नी के साथ शाम 05 बजे शादी में गुतुरूमा गये थे। प्रार्थी ने बताया कि आज सबेरे मेरा मझला भाई अजीत सारथी ने फोन करके बताया कि आपके घर में चोरी हो गया। तब मैं और मेरा भाई का कमरा दोनों का ताला टुटा हुआ था अन्दर देखे तो कांस का बर्तन 05 नग एवं लोटा 04 नग एवं नगदी रूपये तथा मेरे भाई के रूम से एलईडी टीवी एवं नगदी रूपये 70,000 चोरी करके ले गये कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का ताला तोडकर एवं अलमारी एवं बाक्सा को खोलकर चोरी कर ले गये है। इस मामले की रिपोर्ट पर कापू थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in